संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी






पूर्णिया , शुक्रवार 26 सितंबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 186



**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया ।**
**शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी ।।**

नवरात्रि के चौथे दिन सृजन की देवी माँ कूष्माण्डा की पूजा श्रद्धा और आस्था के साथ की गयी! माँ के भक्तो ने विधिपूर्वक उनकी पूजा और आराधना की। आज शुक्रवार कों नवरात्रि का पाँचवाँ दिन है,आज माँ स्कंदमाता की पूजा की जाएगी। माँ के भक्त स्कन्दमाता से अपने बच्चों और परिवार की सुरक्षा तथा सुख-शांति की प्रार्थना करेंगे।

माँ स्कन्दमाता माँ दुर्गा का पाँचवाँ रूप हैं। उनका नाम उनके पुत्र भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) के कारण रखा गया है। स्कन्दमाता को सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और अपने कोहरे से उज्जवल देवी रूप में दर्शाया जाता है। उनकी दो भुजाओं में भगवान स्कन्द हैं और अन्य दो में शंख और कमल का धारण करती हैं।

माँ स्कन्दमाता माँ के रूप में मातृत्व, साहस और संरक्षण का प्रतीक मानी जाती हैं। उनकी पूजा से भक्तों को संतान सुख, समृद्धि, बुद्धि और शक्ति की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के पाँचवे दिन उनकी पूजा विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ की जाती है।

# 21वीं सदी में, स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहने वाले देश ही सफल : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

- माही बांसवाड़ा एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट में चार स्वदेशी रिएक्टर स्थापित होंगे।
- राजस्थान सहित पांच राज्यों में सौर एवं हरित ऊर्जा परियोजनाएँ शुरू हुईं।
- 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।
- विपक्ष पर हमला करते हुए पीएम ने स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा से देशभर में 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इसे ''ऊर्जा शक्ति'' को समर्पित करते हुए कहा कि 21वीं सदी में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आगे रहने वाले देश ही तेजी से प्रगति कर पाएंगे। इसी कड़ी में उन्होंने माही बांसवाड़ा एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट समेत अनेक योजनाओं की नींव रखी और राष्ट्रव्यापी विकास के नए आयाम गिनाए।

**ऊर्जा और जल परियोजनाओं पर जोर** : प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली आज विकास की रीढ़ है। बांसवाड़ा में करीब 42 हजार करोड़ रुपये की लागत से देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में से एक माही बांसवाड़ा एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट की नींव रखी गई, जिसमें चार स्वदेशी 700 मेगावाट रिएक्टर होंगे। इसके साथ ही राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में कई सौर परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। राजस्थान के फलोदी, जैसलमेर, जालौर और सीकर में सौर संयंत्र शुरू किए गए, जबकि बाड़मेर में 15.5 गीगावाट हरित ऊर्जा प्रसारण के लिए ग्रिड और ट्रांसमिशन लाइनें शुरू की गईं। जल सुरक्षा के लिए लगभग 20,830 करोड़ रुपये की योजनाओं तथा पेयजल के लिए 5,880 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की नींव रखी गई।

**आधारभूत संरचना और रोजगार पर फोकस :**

पीएम मोदी ने बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए 2,630 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं, अटल प्रगति पथ, पुल और फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। रेलवे क्षेत्र में बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत, जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत और उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दी गई। इसके साथ ही भरतपुर में 250 बेड के अस्पताल और जयपुर में आईटी एवं ई-गवर्नेंस केंद्र की शुरुआत हुई। रोजगार सृजन की दिशा में प्रधानमंत्री ने राजस्थान में 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनमें पशु परिचारक, कनिष्ठ सहायक, जूनियर इंजीनियर और अध्यापक शामिल हैं।

**विपक्ष पर प्रहार और स्वदेशी का संदेश** : अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान पेपर लीक का केंद्र बन गया था और जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार का शिकार हुआ था। महिलाओं पर अत्याचार और अवैध शराब कारोबार चरम पर था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया और विकास को प्राथमिकता दी। पीएम मोदी ने त्योहारों के समय सबको स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही ''आत्मनिर्भर भारत'' का मार्ग है। साथ ही उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत को याद करते हुए गरीब, दलित और आदिवासी समाज के उत्थान को सरकार का मिशन बताया।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण की ओर ऐतिहासिक कदम



**पटना,** (हि.स.)। बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। इस योजना को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने वाला कदम माना जा रहा है।

**75 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ** : योजना के पहले चरण में 75 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने ₹7,500 करोड़ का आवंटन किया है। शुरुआत में प्रत्येक पात्र महिला को 10,000 रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में भेजे जाएंगे। अब तक 1.11 करोड़ से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है, जो इस योजना को लेकर उनके उत्साह को दर्शाता है।

**स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा** : योजना की राशि का उपयोग महिलाएं खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे व्यवसायों में कर सकेंगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह पहल महिलाओं को केवल रोजगार तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें उद्यमिता की दिशा में भी अग्रसर करेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा।

**आत्मनिर्भर बिहार की ओर कदम** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यवसाय में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। सरकार को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह पहल न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर करेगी, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव रखेगी।

# राष्ट्रपति ने परिवार के साथ किए बांकेबिहारी के दर्शन

## निधिवनराज व अन्य प्रमुख मंदिरों में भी राष्ट्रपति ने परिक्रमा और पूजा की



**मथुरा,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को अपने परिवार संग वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर स्थित घरों के दरवाजे तक बंद करा दिए गए और आम लोगों का आवागमन रोक दिया गया।

**महाराजा एक्सप्रेस से पहुंचीं राष्ट्रपति** : दिल्ली से राष्ट्रपति का आगमन विशेष ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस से हुआ। मथुरा जंक्शन पर प्रदेश सरकार के मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मेयर विनोद अग्रवाल, एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ, कमिश्नर शैलेंद्र सिंह, जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने उनका स्वागत किया। यहां से वे कार द्वारा मंदिर पहुंचीं।

**विशेष पूजा-अर्चना और परिक्रमा** मंदिर में सेवायतों ने उनका स्वागत कर पूजा-अर्चना कराई। कन्नौज से मंगाए गए इत्र से देहरी पूजन और श्रीकुंजबिहारी अष्टक का पाठ हुआ। राष्ट्रपति ने करीब 30 मिनट तक बांके बिहारी मंदिर में समय बिताया। इसके बाद उन्होंने निधिवनराज मंदिर में परिक्रमा की और वहां लगभग आधा घंटा रुकीं। इस दौरान उन्होंने पांच सौ मीटर की परिक्रमा पूरी की।

**अन्य मंदिरों में दर्शन और पौधारोपण** : बंशी चोर राधा रानी मंदिर और हरिदासजी के मंदिर में भी राष्ट्रपति ने दर्शन किए और श्रृंगार भेंट चढ़ाई। इसके बाद सुदामा कुटी में भजनकुटी का लोकार्पण किया तथा अपनी मां के नाम पर कल्पवृक्ष का पौधा लगाया।

**रेल संचालन प्रभावित** : राष्ट्रपति की विशेष ट्रेन के चलते नई दिल्ली से आगरा के बीच ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। डाउन लाइन पर डेढ़ घंटे तक गाड़ियों को रोका गया जबकि अप लाइन की कई ट्रेनें 20 से 40 मिनट तक विलंबित हुईं। राष्ट्रपति शाम पांच बजे महाराजा एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में तकनीकी खराबियों की तत्काल जांच की मांग की

**न्यूयॉर्क** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मंगलवार को हुई तकनीकी खराबियों—एस्केलेटर रुकना, टेलीप्रॉम्प्टर काम न करना और साउंड सिस्टम की समस्या—को 'ट्रिपल सैबोटाज' करार दिया और तुरंत जांच की मांग की। ट्रंप ने महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को पत्र लिखकर सभी सुरक्षा टेप सुरक्षित रखने और घटना की गहन जांच कराने का आग्रह किया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि यह जानबूझकर की गई साजिश थी। उन्होंने बताया कि एस्केलेटर अचानक रुक गया, टेलीप्रॉम्प्टर 15 मिनट तक काम नहीं किया और साउंड सिस्टम पूरी तरह बंद था। व्हाइट हाउस ने भी इसे गंभीर मामला बताया।

संयुक्त राष्ट्र ने चूक से इनकार करते हुए बताया कि एस्केलेटर की खराबी ट्रंप प्रतिनिधिमंडल के वीडियोग्राफर द्वारा इमरजेंसी बटन दबाने के कारण हुई। प्रवक्ता ने कहा कि टेलीप्रॉम्प्टर ट्रंप टीम द्वारा संचालित था और साउंड सिस्टम अनुवाद के लिए डिज़ाइन किया गया है। ट्रंप ने पत्र में भविष्य में रोकथाम की मांग की।

# चुनाव सुधार- डाक मतपत्रों की गिनती के बाद होगी ईवीएम के अंतिम दो चरणों की गिनती

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। निर्वाचन आयोग ने चुनाव सुधारों की श्रृंखला में एक अहम कदम उठाते हुए नया नियम लागू किया है। इसके तहत अब मतगणना के दौरान ईवीएम के अंतिम दो चरणों की गिनती तभी शुरू होगी जब डाक मत पत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। आयोग का मानना है कि इससे मतगणना प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी।



**डाक मत पत्रों की गिनती को मिली प्राथमिकता** : आयोग ने कहा है कि अधिक संख्या में डाक मत पत्र आने पर उनकी गणना समय से पूरी हो सके, इसके लिए पर्याप्त संख्या में गणना अधिकारियों की नियुक्ति अनिवार्य होगी। इससे देरी और भ्रम की स्थिति समाप्त होगी।

**पुरानी व्यवस्था में दिक्कतें** पहले सुबह 8 बजे डाक मत पत्रों की गिनती और 8:30 बजे ईवीएम की गिनती शुरू होती थी। कई बार ऐसा होता था कि ईवीएम से गिनती पूरी हो जाती थी लेकिन डाक मत पत्रों की गिनती जारी रहती थी। इस असमानता को दूर करने और मतगणना को संतुलित बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**चुनाव आयोग की सुधार यात्रा**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता वाले आयोग की यह इस वर्ष की 30वीं पहल है। इससे पहले वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गई थी। इस नई व्यवस्था के बाद डाक मत पत्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिसे ध्यान में रखकर यह सुधार लागू किया गया है।

# राहुल गांधी ने मराठवाड़ा में भारी बारिश से 8 लोगों की मौत पर जताया शोक

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण आठ लोगों की मौत और सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त होने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शोक व्यक्त किया है।



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मराठवाड़ा में भारी बारिश के कारण जनहानि और बड़े पैमाने पर फसलों के नुकसान की खबर बेहद दुखद है। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने और फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों की पूरी मदद करने की अपील की। साथ ही, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रशासन का सहयोग करने और जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करने का आग्रह किया।

मराठवाड़ा क्षेत्र के लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ तथा धाराशिव में एक-एक व्यक्ति की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई। 20 सितंबर से लगातार हो रही बारिश के कारण बांधों के उफनाने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। धाराशिव जिले में 750 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और 33,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं।

# लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू यादव की याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने राजद सुप्रीमो लालू यादव की याचिका का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने एफआईआर को रद्द करने का अनुरोध किया था। सीबीआई के एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि याचिका में दो साल से अधिक की देरी हुई है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। राजू ने कहा कि लालू यादव के कृत्य उनके आधिकारिक कर्तव्यों का उल्लंघन थे, इसलिए जांच के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं थी। इस मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।




# भारत मजबूत आर्थिक बुनियाद से अनिश्चितता में भी जुझारू बना रहा : वित्त मंत्री

## - बैंकों से एमएसएमई को ऋण देने और एनबीएफसी-पीएसबी संबंधों को मजबूत करने का आग्रह

**पुणे,** (हि.स)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने अपने मजबूत आर्थिक ढांचे की बदौलत लचीलापन बनाए रखा है। उन्होंने बैंकों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को ऋण देने और एनबीएफसी तथा पीएसबी के बीच गहन सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया।



वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक लगभग 8% की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी 7.8% बढ़ी, जो आर्थिक मजबूती का संकेत है। सीतारमण ने वैश्विक रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार का जिक्र करते हुए बताया कि एसएंडपी ने अगस्त 2025 में भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' किया, मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने मई 2025 में 'बीबीबी (निम्न)' से 'बीबीबी' किया और जापानी एजेंसी आरएंडआई ने दीर्घकालिक रेटिंग को 'बीबीबी' से 'बीबीबी+' कर दिया।

# त्योहारों एवं विधानसभा चुनाव को लेकर मद्य निषेध के कारगर एवं प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश : सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन

## ट्रांसपोर्ट कंपनियों, कूरियर एजेंसियों और रेल पुलिस के माध्यम से अवैध शराब परिवहन की रोकथाम पर जोर दिया गया

**पटना,** (हि.स.)। आगामी त्योहारों और बिहार विधानसभा आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए मद्य निषेध के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सारण समाहरणालय सभागार, छपरा में प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन अजय यादव और अपर पुलिस महानिदेशक (मद्य निषेध) अमित कुमार जैन ने की।




**अवैध शराब परिवहन नियंत्रण**
बैठक में ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक कर शराब के अवैध परिवहन को रोकने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनियों, कूरियर सेवा एजेंसी और गोदाम की औचक जाँच करने का निर्देश दिया गया। रेल पुलिस के समन्वय से रेल गाड़ियों की लगातार निगरानी, पुराने चार्जशीट अपराधियों पर नजर रखना, हॉट स्पॉट पर गहन छापामारी, नदी क्षेत्रों में रिवर पेट्रोलिंग और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया।

**ट्रायल और समन्वय में तेजी**
बैठक में उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अवैध शराब परिवहन को नियंत्रित करने का निर्देश दिया गया। जब्त शराब के विनष्टिकरण और जब्त वाहनों की नीलामी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा, न्यायालय में दर्ज मामलों के ट्रायल में तेजी लाने के लिए विशेष लोक अभियोजकों को गवाहों की उपस्थिति और वारंट की स्थिति सहित प्रत्येक केस की अद्यतन सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया।

**शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश** : बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों को शराब कारोबारियों के विरुद्ध सीसीए के तहत सख्त कार्रवाई करने और उनके आर्थिक जुड़ाव की जांच कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रमंडल के सभी जिलों में स्थापित उत्पाद जांच चौकी पर प्रभावी निगरानी रखने की स्पष्ट रूपरेखा दी गई।

**संसाधनों और उपलब्धियों की समीक्षा** : उत्पाद आयुक्त बिहार अंशुल अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से सारण प्रमंडल के तीनों जिलों से संबंधित उपलब्ध संसाधनों, की गई कार्रवाई, उपलब्धियों और अपेक्षाओं की जानकारी दी। प्रत्येक बिंदु पर समीक्षा के साथ-साथ अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त सारण राजीव रौशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक नीलेश कुमार, जिलाधिकारी सारण अमन समीर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सारण डॉ. कुमार आशीष, पुलिस अधीक्षक गोपालगंज, अनुमंडल अधिकारी, उपायुक्त उत्पाद और सभी जिलों के सहायक आयुक्त एवं विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) शामिल थे।

## बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा ने नियुक्त किए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी ने केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को यह ज़िम्मेदारी सौंपी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी प्रदेश स्तर पर संगठन और चुनावी प्रबंधन की देख रेख करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बिहार प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और उत्तरप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव : 6 अक्टूबर तक अधिकारियों के ट्रांसफर-तैनाती की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव कब घोषित होंगे, इसे लेकर प्रदेश की राजनीति और आम जनता में जिज्ञासा बनी हुई है।

इस बीच चुनाव को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने चुनाव संबंधी तैयारियों के तहत मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 6 अक्टूबर तक सभी सरकारी पदाधिकारियों और कर्मियों के स्थानांतरण और तैनाती की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।



**चुनाव तारीखों को लेकर अटकलें तेज** : पत्र के जारी होने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं कि जैसे ही स्थानांतरण-तैनाती की प्रक्रिया पूरी होगी, वैसे ही मुख्य चुनाव आयुक्त बिहार का दौरा करेंगे और विधानसभा चुनाव की तारीखों की औपचारिक घोषणा कर देंगे। चुनाव आयोग की यह कवायद संकेत दे रही है कि राज्य में कभी भी आचार संहिता लागू हो सकती है।

**निष्पक्ष चुनाव की तैयारी**
चुनाव आयोग हमेशा से ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर देता आया है। यही कारण है कि अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गृह जिले में पोस्टिंग पर रोक और तीन साल पूरे करने वालों के अनिवार्य तबादले से आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि किसी भी स्तर पर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो।

**जल्द आ सकती है चुनावी घोषणा** : अब सभी की निगाहें चुनाव आयोग पर टिकी हैं। संभावना जताई जा रही है कि जैसे ही 6 अक्टूबर तक प्रशासनिक कवायद पूरी होगी, उसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त बिहार दौरे पर आएंगे और विधानसभा चुनाव की तारीखों की औपचारिक घोषणा कर देंगे।

**ट्रांसफर-तैनाती को लेकर सख्त निर्देश :**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की तैनाती उनके गृह जिले में नहीं की जाएगी। साथ ही जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का कार्यकाल 30 नवंबर तक तीन साल पूरा हो रहा है, उनका स्थानांतरणअनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह कदम निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, ताकि प्रशासनिक मशीनरी पर किसी तरह का पक्षपात का आरोप न लगे। इसके अलावा, पत्र में कहा गया है कि स्थानांतरण और तैनाती की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसकी विस्तृत रिपोर्ट भी चुनाव आयोग को उपलब्ध कराई जाए।

**चुनावी सरगर्मी बढ़ी :**
इन निर्देशों के सामने आने के बाद राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की सक्रियता भी बढ़ गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन से लेकर विपक्षी दलों तक, सभी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। वहीं, जनता भी इस बात को लेकर उत्सुक है कि चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कब करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चुनाव की तारीखों की घोषणा अब ज्यादा दूर नहीं है। आमतौर पर आयोग प्रशासनिक तैयारियों को पूरा करने के बाद ही चुनावी कार्यक्रम का ऐलान करता है। इस बार भी यही प्रक्रिया अपनई जा रही है।

## बिहार चुनाव 2025 : चुनाव आयोग ने बदला मतगणना का फॉर्मेट

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र चुनाव आयोग ने मतगणना प्रक्रिया में अहम बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार अब अगर पोस्टल बैलट की गिनती में कोई देरी होती है, तो ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की गिनती को रोक दिया जाएगा। इससे पहले मतगणना केंद्रों पर ईवीएम और बैलट की गिनती एक साथ होती थी। इससे कुछ केंद्रों पर देखा गया कि बैलट की गिनती पिछड़ जाती थी, जबकि मशीन में वोट तेजी से गिने जा रहे होते थे। चुनाव आयोग ने बताया कि अब बैलट की गिनती पूरी होने तक ईवीएम की सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग रोक दी जाएगी। जब बैलट की गिनती पूरी हो जाएगी, तब मशीन में बाकी बचे आखिरी राउंड के वोट गिने जाएंगे। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य मतगणना को और अधिक पारदर्शी बनाना है। विशेष रूप से उन मतगणना केंद्रों पर, जहां पोस्टल वोट काउंट किए जाते हैं, वहां सभी वोट सही तरीके से और बिना किसी पक्षपात के गिने जा सकेंगे। साथ ही, यदि किसी केंद्र पर बैलट की संख्या अधिक होती है, तो काउंटिंग टेबल बढ़ाई जाएंगी ताकि प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह नया नियम बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से लागू होगा और इसका उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है।

# सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव : निर्वाचक सूची की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त राजीव रौशन ने की बैठक

**पटना,** (हि.स.)। प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की अध्यक्षता में उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सिवान एवं सारण तथा क्षेत्रीय उप निदेशक शिक्षा, सारण प्रमंडल, छपरा एवं तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं आयुक्त के सचिव, सारण प्रमंडल, छपरा के साथ 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न हुई।



बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त, राजीव रौशन के द्वारा बताया गया कि दिनांक 30 सितंबर 2025 को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु दैनिक समाचार पत्रों में आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

बिहार राज्य के शैक्षणिक संस्थानों के वैसे शिक्षक जो अर्हता तिथि-01 नवंबर 2025 से ठीक पहले छः वर्ष के भीतर कम से कम तीन वर्ष के लिए नियमित आधार या तदर्थ आधार पर सम्पूर्णकालिक शिक्षक के रूप में शिक्षण का कार्य किया हो। वह संस्थान माध्यमिक विद्यालय से कम न हो तथा वे सामान्य तौर पर इस निर्वाचन क्षेत्र में निवास करते हों। वह 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचक बनने के लिए पात्र होंगे।

वैसे सभी पात्र शिक्षक निर्वाचक सूची में नाम जोड़े जाने हेतु प्ररूप-19 में आवेदन पत्र संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/नाम निर्दिष्ट पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 06 नवंबर 2025 तक किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अपना आवेदन स्वंय अथवा संस्थान प्रमुख के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

दिनांक- 25 नवंबर 2025 को प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

इसके उपरांत दिनांक 10 दिसंबर 2025 तक दावे एवं आपत्तियों की प्राप्ति की जाएगी।

प्राप्त दावे एवं आपत्तियों के निष्पादन के उपरांत दिनांक 30 दिसंबर 2025 को सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में उपर्युक्त सभी कार्रवाई ससमय सम्पन्न की जाय।

## छपरा के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ बने निक्षय मित्र, 8 टीबी मरीजों को लिया गोद

**पटना,** (हि.स.)। विश्व फेफड़ा दिवस के अवसर पर छपरा शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन ने एक सराहनीय पहल करते हुए 8 टीबी मरीजों को गोद लिया। निक्षय मित्र बनकर उन्होंने इन मरीजों को न केवल आर्थिक मदद का भरोसा दिया बल्कि उनके पोषण सहयोग की भी जिम्मेदारी उठाई है।

डॉ. रंजन ने मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरित किए और यह घोषणा की कि अगले छह महीनों तक हर माह इन सभी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीबी से जूझ रहे मरीजों के लिए संतुलित और पौष्टिक भोजन दवा की तरह ही महत्वपूर्ण है।



इस अवसर पर यक्ष्मा केंद्र छपरा से डीपीसी हिमांशु शेखर, एसटीएस मुकेश कुमार, एसडीपीएस मुकेश कुमार, क्लर्क रत्न संजय और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने डॉ. राजीव रंजन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि निक्षय मित्र योजना के तहत समाज के संपन्न और जागरूक लोगों का जुड़ना टीबी मुक्त भारत अभियान को और गति देगा।

गौरतलब है कि निक्षय मित्र योजना के तहत समाज के लोग, संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी पोषण, स्वास्थ्य जांच और दवा पालन में सहयोग करते हैं।

सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

डॉ. राजीव रंजन के इस कदम ने न केवल मरीजों को हौसला दिया है बल्कि समाज में भी यह संदेश गया है कि टीबी जैसी बीमारी से लड़ाई में सामूहिक सहयोग और संवेदनशीलता बेहद ज़रूरी है।

## हाईकोर्ट ने राजद विधायक रीतलाल यादव को सत्यनारायण सिन्हा हत्याकांड में बरी होने के निचली अदालत के फैसले को किया निरस्त

**पटना,** (हि.स.)। पटना उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक रीतलाल यादव को चर्चित सत्यनारायण सिन्हा हत्याकांड में बरी होने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है।




जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद की खंडपीठ ने गुरुवार को आशा सिन्हा की याचिका की सुनवाई करते हुए रीतलाल यादव को निचली अदालत द्वारा बरी करने के आदेश को रद्द करते हुए सत्यनारायण सिन्हा मर्डर केस की सुनवाई पुनः करने का निर्देश दिया। साल 2023 में पटना सिविल कोर्ट के एमपी/एमएलए विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में विधायक रीतलाल यादव को इस मामलें में बरी कर दिया था।

सत्यनारायण सिन्हा की पत्नी पूर्व भाजपा विधायक आशा सिन्हा ने पटना हाईकोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की। इस मामलें की सुनवाई जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने रीतलाल यादव को बरी करने के आदेश को रद्द करते हुए इस मामलें पर पुनः सुनवाई करने का देते हुए रीतलाल को बड़ा झटका दिया।

उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल,2003 को पटना के गांधी मैदान में तेल पिलावन,लाठी घुमावन रैली का आयोजन किया गया था। इसी दिन खगौल के जमालुद्दीन चक के पास सत्यनारायण सिन्हा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामलें में रीतलाल यादव समेत अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

## बिहार में नालंदा जिले के एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने की आत्महत्या

**पटना,** (हि.स.)।

**01: गिंग और मानसिक तनाव को मुख्य कारण माना जा रहा है।**

---

**02 : रूममेट शिखा गंभीर स्थिति में पटना रेफर।**

---

**03 : पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।**

---

मंजिला इमारत से बुधवार रात एक सेकंड ईयर सिविल ब्रांच की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्रा रैगिंग से परेशान थी और इसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।



**छात्रावास में मची अफरा-तफरी** : घटना के बाद छात्रावास में हड़कंप मच गया। मृतका सोनम की रूममेट शिखा खून से लथपथ शव देखकर सदमे में आ गई और बेहोश हो गई। उसे तुरंत चंडी रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के कारण पटना रेफर कर दिया गया। छात्रावास में अन्य छात्र-छात्राओं में भी चिंता और भय का माहौल बन गया।

**रूममेट ने साझा की अंतिम बातचीत :**
शिखा ने बताया कि रात 9 बजे उसने छात्रा को खाना खाने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया और कहा कि वह नमकीन खा चुकी है। जब शिखा कमरे में वापस आई, तो छात्रा वहां नहीं थी। उसका लैपटॉप चालू था, लेकिन फोन का कोई जवाब नहीं मिल रहा था। इसके बाद उसने नीचे जाकर देखा, जहां छात्रा का शव खून से लथपथ पड़ा था। इस दृश्य ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

**प्राचार्य पर छात्रों का आरोप**
छात्राओं ने प्राचार्य पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि घायल छात्रा को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए प्राचार्य ने निजी वाहन उपलब्ध नहीं कराया। एंबुलेंस देर से पहुंची और इससे स्थिति और गंभीर हो गई। छात्रों का कहना है कि यदि तुरंत उचित कदम उठाए जाते, तो संभवतः छात्रा की जान बच सकती थी।

# जिले में 136 उर्वरक प्रतिष्ठानों का, जाँच टीम द्वारा औचक निरीक्षण : 17 प्रतिष्ठान पाए गए अनियमित

## अनियमितता पाये जाने पर 2 प्रतिष्ठान का लाइसेंस रद्द, 6 प्रतिष्ठान निलंबित किए गये और 9 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर गठित छह जांच दलों ने पूर्णिया जिले के कुल 136 खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान 17 प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई। प्रशासन ने इनमें से 2 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द किया, 6 प्रतिष्ठान निलंबित किए और 9 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया।




**डीएम के निर्देश पर जांच दल का गठन**

किसानों की शिकायतों के आधार पर जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों की छह जांच टीमों का गठन किया। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक समय पर उपलब्ध हो और किसी भी अनियमितता को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। जांच दल में सहायक निदेशक, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, वरिष्ठ उपसहार्ता और सहकारिता पदाधिकारी शामिल हैं। जांच दलों ने जिले के सभी प्रखंडों में खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों का रेडमली निरीक्षण किया।

**निरीक्षण की प्रक्रिया और परिणाम**

जांच दलों ने अब तक 136 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक जाँच दल द्वारा प्रारंभिक चरण में 40 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया , जिसमें 9 प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई। इनमें से 6 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया और 3 प्रतिष्ठान निलंबित किए गए। जारी निरीक्षण के दौरान कुल 17 प्रतिष्ठानों में अनियमितता दर्ज हुई। प्रशासन ने अनियमितताओं के अनुसार कार्रवाई करते हुए 2 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द किया, 6 प्रतिष्ठान निलंबित किए और 9 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा। यह कार्रवाई किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई।

**अफवाहों से बचें और जागरूक रहें**

जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे उर्वरक की उपलब्धता से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण जारी हैं, जिससे किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तरह जिले में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय है और अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध : जिला कृषि पदाधिकारी

**जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में पूर्णिया जिले में उपलब्ध उर्वरक की मात्रा इस प्रकार है:**



1. यूरिया: 9180.69 MT
2. DAP: 14850.85 MT
3. MOP: 8051.19 MT
4. NPK: 24377.93 MT
5. SSP: 6339.35 MT

**उन्होंने बताया कि भंडारित उर्वरक का लगातार सत्यापन किया जा रहा है और जिले में किसानों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।**

**01:** कुल 17 प्रतिष्ठानों में अनियमितता दर्ज हुई

**02** 2 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द किया, 6 प्रतिष्ठान निलंबित किए और 9 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा।

**03** जांच दलों ने अब तक 136 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

# पूर्णिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने किया वृक्षारोपण, चलाया जनसंपर्क अभियान

## वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, घर-घर दी दस्तक और बाजारों में जाकर लोगों से किया संवाद स्थापित





**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर गुरुवार को पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**जनसंपर्क अभियान में लोगों को अवगत कराया योजनाओं से**

वृक्षारोपण के बाद श्रीमती गुप्ता ने घर-घर और बाजारों में जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे गरीबों के लिए आवास, महिलाओं को सशक्त बनाने की योजनाएं, स्वास्थ्य और शिक्षा सुधार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना और उनकी सार्थकता को सुनिश्चित करना है।

**"सेवा पखवाड़ा" संगठन की आत्मा है :** भाजपा जिलामंत्री ने कहा कि "सेवा पखवाड़ा" केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि संगठन की आत्मा है। इसके माध्यम से पार्टी की सेवा और समर्पण की भावना समाज के हर वर्ग तक पहुँचती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार और देश में हुए विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव को जनता के सामने रखा।

**राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी :** श्रीमती गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं में हर परिवार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली, जीविका के माध्यम से महिलाओं को 10,000 रुपये का अनुदान, स्नातक पास बेरोजगार युवाओं को भत्ता, महिलाओं के लिए छह माह बाद दो लाख रुपये तक का ऋण, और 1,100 रुपये पेंशन योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पार्टी के प्रति समर्पण, जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और लोकतंत्र को मजबूत करने के प्रयासों को और भी प्रबल करता है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यालय बनभाग में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, बनभाग में विशेष सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 3 बजे हुआ और इसकी अध्यक्षता भाजपा नेत्री श्रीमती क्रांति देवी ने की।कार्यक्रम में जिले के सम्मानित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक तथा जेष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या मे भाग लिया



**एकात्म मानववाद और जीवन दर्शन पर चर्चा**

इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद और उनके जीवन दर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने उनके विचारों के महत्व और समाज में उनके संदेश के प्रसार पर विचार विमर्श किया।इस दौरान सभी ने सामाजिक सेवा और जनकल्याण की विभिन्न गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**जिला अध्यक्ष का संदेश :** जिला अध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने मंडलों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करें। उनका कहना था कि इस तरह से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचेंगे और सेवा पखवाड़ा और भी सफल बनेगा।

**भाजपा का समाज और संगठन के प्रति समर्पण :** भारतीय जनता पार्टी हमेशा से राष्ट्रहित, समाजसेवा और संगठन के प्रति समर्पित रही है। इसी भावना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो संगठन और समाज के प्रति सदस्यों की प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है।

# बड़हरा कोठी में 17 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

**न्यूज़ स्केल, बड़हरा कोठी**

बड़हरा कोठी प्रखंड के रुस्तमपुर पंचायत के वार्ड संख्या एक, विरंचिया गांव में एक 17 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक, नागेश्वर यादव के पुत्र विक्रम कुमार बताया जा रहा है ! उपलब्ध जानकरी क्व अनुसार मृतक बुधवार को सुबह सुखासन कोठी स्थित काली मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी क्रम में विक्रम कुमार नहर के पास सायफन पार करते समय पैर फिसल जाने के कारण नहर के धार के गहरे पानी में चले गए। हादसे की सूचना पर बड़हरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



स्थानीय लोगों ने बताया कि विक्रम कुमार करीब 11 बजे मंदिर की ओर गए थे, लेकिन काफी समय तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की, जिसमें स्थानीय लोगों की मदद से धार में उनका शव मिला।

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के मौसम में इस स्थान पर हादसे अक्सर होते रहते हैं और लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। वही इस घटना के बाद

बड़हरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धर्मेंद्र प्रधान की अगुवाई में बहुमत से जीतेगा एनडीए : डॉ. एके गुप्ता

## - बिहार विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर ग्रीन पूर्णिया के संस्थापक अध्यक्ष ने दी बधाई

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सूबे में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अगुवाई में बहुमत से जीत दर्ज करेगा। पार्टी उनके मार्ग दर्शन में न केवल हर सीट पर जीत दर्ज करेगी बल्कि पूरे प्रदेश को एक सक्षम नेतृत्व प्रदान करेगी। उक्त बाते भारतीय जनता पार्टी के सदस्य व ग्रीन पूर्णिया के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने कही। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाए जाने की घोषणा के उपरांत बोल रहे थे। स मौके पर डॉ. गुप्ता ने धर्मेंद्र प्रधान को बधाई दी है और कहा है रणनीति बनाने में धुरंधर धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ता बिहार को आगे ले जाने में अपना पूरा दम लगा देंगे। उनके विधानसभा चुनाव प्रभारी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में जोश है। बता दें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा की बड़ी जीत के पीछे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी संगठनात्मक क्षमता और चुनाव प्रबंधन कौशल को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। इधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के अलावा सीआर पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. गुप्ता ने सीआर पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य को भी बिहार विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी दिए जाने पर बधाई दी है।



# मखाना चौपाल का आयोजन : मखाना कृषकों को आधुनिक तकनीक व अधिकृत पंजीकरण की जानकारी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियाँ की मखाना विशेषज्ञ टीम ने डगरुआ प्रखंड के मालोभिठा गाँव में मखाना चौपाल का सफल आयोजन किया। प्राचार्य डॉ॰ डी॰ के॰ महतो के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मखाना कृषक उपस्थित रहे।




**मुख्य उद्देश्य और लाभ :**

डॉ॰ महतो ने बताया कि मखाना चौपाल का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिथिला मखाना के अधिकृत उपयोगकर्ता बनने के लाभ से अवगत कराना है। अधिकृत पंजीकरण से किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा।

**उन्नत तकनीक और उत्पादन पैकेज :**

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ॰ डी॰ आर॰ सिंह और निदेशक अनुसंधान डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह के मार्गदर्शन में किसानों को उच्च उत्पादक किस्म सबौर मखाना-1 के लाभ एवं उत्पादन पैकेज के बारे में जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ॰ बाल कृष्णा ने पारंपरिक विधियों की तुलना में वैज्ञानिक तकनीकों से उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने पौधरोपण, जल प्रबंधन, कीट और रोग नियंत्रण, बीज चयन और कटाई-प्रसंस्करण की आधुनिक विधियों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ॰ प्रीति सुन्दरम और डॉ॰ अनुपम कुमारी ने मखाना को जी॰ आई॰ टैग प्राप्त होने और उच्च उत्पादक किस्म अपनाने के महत्व को रेखांकित किया।

**किसानों की भागीदारी :**

कार्यक्रम में सोनू कुमार, महतो, राजा प्रधान, नसीम आलम, अशोक चौधरी, मोहम्मद जहाँगीर आलम, शेख जकीर उद्दीन, दीपक कुमार महतो, मोहम्मद एजाज आलम, दिनेष दास, मंटू साह, संग्राम हेम्ब्रम, मोहम्मद अब्दुल वाहिद, मोहम्मद हसनैन समेत लगभग 50 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस चौपाल के माध्यम से पूरे मिथिलांचल और सीमांचल में मखाना कृषकों को उन्नत तकनीक और पंजीकरण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराकर उत्पादन और आर्थिक लाभ बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है

# उपमहापौर ने शहर के मंदिरों का किया निरीक्षण, दुर्गा पूजा के आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उप महापौर ने पूर्ण स्वच्छता पर दिया जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को ध्यान में रखते हुए उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने शहर के विभिन्न प्रमुख मंदिर परिसरों का निरीक्षण किया। इस दौरान ओ महापौर ने आयोजन समिति के सदस्यों से बातचीत कर स्वछता अभियान चलाकर पूर्ण स्वच्छता के बीच दुर्गा पूजा के आयोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था सूचनिश्चित करने पर बल दिया ! उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान उपमहापौर ने कहा कि "स्वच्छता ही सेवा अभियान" और "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत नगर निगम पूरी तत्परता से कार्यरत है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि साफ-सफाई, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने यह भी कहा कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने मंदिर परिसर के आसपास पार्किंग, विद्युत आपूर्ति और सफाई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और कहा कि कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। नगर निगम के अधिकारी इस दिशा में हरसंभव प्रयास कर रहे हैं ताकि शहरवासियों और आगंतुकों को इस वर्ष का दुर्गा पूजा महोत्सव सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आनंददायक अनुभव प्रदान कर सके।



# स्वच्छता अभियान : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले भर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

न्यूज स्केल पूर्णिया

जिले में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी ब्लॉकों और पंचायतों में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई पर जोर दिया गया। स्कूल, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों, छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल गंदगी को कम करना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और सतत जागरूकता पैदा करना भी है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों और आम जनता से सहयोग का आग्रह किया और कहा कि स्वच्छता ही सेवा का असली संदेश तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति अपनी ज़िम्मेदारी निभाए। इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सुधार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं।

## पूर्णिया में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान : महापौर और नगर निगम कर्मियों ने किया श्रमदान

न्यूज स्केल पूर्णिया





नगर निगम में गुरुवार को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर विभा कुमारी ने की। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्रीकुमार मंगलम, उप विकास आयुक्त अंजनी कुमार, डीआरडीए के निदेशक, लोक स्वच्छता पदाधिकारी अंकिता भारद्वाज, नगर निगम के सभी अधिकारी, कर्मी, स्वच्छता साथी एवं स्वच्छता कर्मचारी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम के तहत नगर निगम परिसर से आरएन साह चौक तक झाड़ू लगाकर सफाई की गई और शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महापौर ने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई इस दौरानमहापौर ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया।

**यह अभियान छठ तक यानि 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा।**

महापौर विभा कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह अभियान छठ तक 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

**'स्वच्छ पूर्णिया, स्वस्थ्य पूर्णिया,के लिए आम सहयोग आवश्यक**

महापौर ने कहा कि कोरोना काल के बाद स्वच्छता का महत्व और बढ़ गया है। स्वच्छता के अभाव में 80 फीसदी बीमारियां फैलती हैं, जबकि स्वच्छ वातावरण में रहने से डायरिया और सांस संबंधी बीमारियों में भारी कमी आती है। उनका कहना था कि 'स्वच्छ पूर्णिया, स्वस्थ्य पूर्णिया, समृद्ध पूर्णिया' का लक्ष्य तभी संभव है जब नागरिक स्वच्छता में सक्रिय भागीदारी निभाएं। नगर आयुक्त ने लोगों को प्रेरित किया

**स्वच्छता के लिए एक दूसरे को करें प्रेरित**

नगर आयुक्त श्रीकुमार मंगलम ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और गंदगी हमारे जीवन और वातावरण को प्रभावित करती है। इसलिए सभी को स्वच्छ रहना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम होंगे और आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

**विशेष गतिविधियां और पहल**

गुरुवार के कार्यक्रम के दौरान स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं वार्डों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की सफाई भी की गई। महापौर और नगर निगम कर्मियों ने बताया कि दशहरा, दीपावली और छठ के मद्देनजर विशेष स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाए जाते हैं, ताकि शहरवासियों में स्वच्छता की आदत और जागरूकता बनी रहे।

## पूर्णिया में आंगनबाड़ी केंद्रों में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

न्यूज स्केल पूर्णिया



समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) विभाग द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में "स्वच्छता ही सेवा अभियान - 2025" चलाया जा रहा है। यह अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छोत्सव" विषय पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देना और समाज के सभी वर्गों को इसमें सहभागी बनाना है।

आईसीडीएस जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुगंधा शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में गंदे स्थलों की पहचान कर समयबद्ध साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं, अधिक भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के बीच "स्वच्छ सुजल गाँव, अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन, स्वच्छ स्ट्रीट फूड और RRR (रिड्यूस, रियूज, रिसायकल)" के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। इसके अतिरिक्त "एक दिन, एक घंटा और एक साथ" के तहत सामूहिक श्रमदान आयोजित कर 100 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों के आस-पास सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के पूर्व और पश्चात की तस्वीरें निदेशालय को भेजी गईं और लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल समाज के प्रति जागरूक किया गया।

## केनगर के रहूआ और गोवासी पंचायत में मुखिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

न्यूज स्केल हरदा (पूर्णिया)

कृत्यानंद नगर प्रखंड के रहूआ और गोवासी पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों ने श्रमदान कर आमजनों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

रहूआ पंचायत की मुखिया सूफिया परवीन और गोवासी पंचायत के मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि अफरोज आलम ने अलग-अलग स्थानों पर सड़कों की सफाई अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य मार्गों से लेकर ग्रामीण सड़कों तक श्रमदान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान दोनों पंचायत के मुखिया ने लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने घर, आंगन और आसपास की सड़कों पर साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की।

इस अभियान में गोवासी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक गौतम कुमार सिन्हा, रहूआ पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक राहुल कुमार यादव, वार्ड सदस्य और स्वच्छता कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने भी मुखिया के साथ श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

## धमदाहा नगर पंचायत में आयोजित हुआ स्वच्छता जागरूकता अभियान

न्यूज स्केल धमदाहा



धमदाहा नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को "एक दिन – एक घंटा – एक साथ" के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगर वासियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नगर प्रशासन पदाधिकारी एवं नगर पंचायत कार्यपालक दिव्या मिश्रा तथा मुख्य पार्षद रानी देवी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि नगर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है और स्वच्छता केवल प्रशासनिक प्रयासों तक सीमित नहीं रह सकती।

शहीद स्मारक प्रांगण से क्रीड़ा मैदान के मुख्य गेट तक झाड़ू लगाकर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। नगर वासियों को सफाई अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने, कचरा खुले में न फेंकने, जल-जमाव रोकने और सफाई कर्मचारियों के सहयोग में भाग लेने की अपील की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि नगरवासियों का सहयोग मिलना ही स्वच्छ और सुंदर धमदाहा की कल्पना को साकार कर सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी दिव्या मिश्रा ने बताया कि यह अभियान स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निवेदन किया।

कार्यक्रम में स्वच्छता पदाधिकारी नगमा खान, पार्षद विनय सिंह, नंदन पंडित, कुमोद रजक, विजय साह, दीपक कुमार, जितेंद्र यादव, मो. समसुद्दीन, पार्षद प्रतिनिधि विनोद यादव, बिट्टू किस्कू, मुन्ना हजारी सहित नगर पंचायत कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## आदर्श रामानंद विद्यालय में प्रधानाध्यापक जलज लोचन के नेतृत्व में "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न

न्यूज स्केल कसबा

राष्ट्रव्यापी अभियान "स्वच्छता ही सेवा – स्वच्छउत्सव 2025" के अंतर्गत आज आदर्श रामानंद मध्य विद्यालय, गढ़बनैली के प्रांगण से "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाध्यापक जलज लोचन ने किया।

कार्यक्रम का आयोजन यूनिसेफ और फिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। प्रातःकालीन श्रमदान के दौरान विद्यालय परिसर, सुभाष चौक और मंदिर परिसर के आसपास सफाई की गई।



इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, रसोई कर्मचारी, ग्रामीण और स्वच्छता कर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। बच्चों ने स्वच्छता गीत प्रस्तुत कर वातावरण को प्रेरणादायी बनाया, वहीं छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग और नारों के माध्यम से रैली में भाग लेकर स्वच्छता के महत्व को उजागर किया। सभी ने स्वच्छता के प्रति शपथ ली और अपने हस्ताक्षर किए।

प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षकों ने इस अवसर पर सभी सफाई कर्मियों और मध्याह्न भोजन कर्मियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम में फिया फाउंडेशन से उत्तम कुमार और विद्यालय परिवार से चंदन कुमार, अनुपमा कुमारी, शारदा कुमारी, सत्यभामा कुमारी, फरहत, नसरीन, सरफराज, आदित्य प्रकाश, मो नावेद, प्रेम वर्मा, राम सिंह, बीबी रुखसार, रंजू कुमारी, काजल कुमारी, नीलम देवी सहित अन्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सामूहिक सहभागिता और उत्साह के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पूरे क्षेत्र में स्वच्छता का सशक्त संदेश पहुंचाया।

## उमंग महोत्सव-2025 : पूर्णिया में रंगारंग आयोजन की तैयारी, समिति गठित

न्यूज स्केल पूर्णिया



कैथोलिक स्कूल एसोसिएशन, पूर्णिया के तत्वावधान में आगामी 27 सितम्बर (शनिवार) को आयोजित होने वाले "उमंग महोत्सव-2025" की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति का गठन किया गया है, जो पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन करेगी।

**आयोजन समिति का गठन**

पूर्णिया धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप फ्रांसिस तिर्की के संरक्षण में गठित समिति का अध्यक्ष फादर अजय गैब्रियल करकेटा (प्राचार्य, संत जेवियर, किशनगंज) तथा उपाध्यक्ष फादर एलेक्जेंडर टोपनो (प्राचार्य, डॉन बॉस्को) को बनाया गया है। सचिव की जिम्मेदारी फादर मनोज खलको (प्राचार्य, संत पीटर्स) को सौंपी गई है।

कार्यकारिणी सदस्यों में फादर अमल आनंद राज (प्राचार्य, डॉन बॉस्को), फादर डेनिश मुर्मू (प्राचार्य, डॉन बॉस्को, कटिहार), फादर रवि, सिस्टर टेरेसा, सिस्टर अनिता, सिस्टर वंदिता और सिस्टर मरियम को शामिल किया गया है।

**प्रतियोगिताओं में व्यापक भागीदारी**

इस महोत्सव में कुल 22 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन होगा, जिनमें 25 विद्यालयों की टीमें पंजीकृत होकर भाग लेंगी। आयोजन समिति के अनुसार, यह प्रतियोगिताएं खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों दोनों को समर्पित होंगी, जिससे छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा।

**जिम्मेदारियों का बंटवारा**

मेजबान विद्यालय ने अपने शिक्षकों के बीच विभागवार जिम्मेदारी बांट दी है। स्पोर्ट्स रेफरी के रूप में असीम लकड़ा और अंजली कुजूर (डॉन बॉस्को, पूर्णिया) तथा एनी लेपचा, रंजिता तिवारी और बिटराइस लेपचा (संट पीटर्स) को मनोनीत किया गया है। वहीं, सांस्कृतिक प्रभारी का दायित्व इन शिक्षकों को सौंपा गया है।

**महोत्सव समन्वयक**

महोत्सव के सफल संचालन के लिए विजय दहल और अभिषेक छेत्री (डॉन बॉस्को) को समन्वयक नियुक्त किया गया है। आयोजन समिति ने विश्वास जताया है कि सभी सदस्यों और प्रतिभागी विद्यालयों के सहयोग से "उमंग महोत्सव-2025" पूर्णिया में यादगार रूप में संपन्न होगा।

## भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ में सुश्री पंकजा कुमारी सह-संयोजिका मनोनीत ,भाजपा नेताओं ने दी शुभकामनाएं

न्यूज स्केल पूर्णिया,

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) क्रीड़ा प्रकोष्ठ में संगठनात्मक मजबूती और खेल क्षेत्र में सकारात्मक योगदान को ध्यान में रखते हुए सुश्री पंकजा कुमारी को सह-संयोजिका के पद पर मनोनीत किया गया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री श्री भीखू दालसनियाँ के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया। पार्टी नेतृत्व ने सुश्री पंकज कुमारी की संगठनात्मक



क्षमता, सामाजिक कार्यों में सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना।

भाजपा का मानना है कि उनके नेतृत्व में क्रीड़ा प्रकोष्ठ नई ऊँचाइयों को छुएगा और खेल के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पार्टी के उद्देश्य "सबका साथ, सबका विकास" के मूल मंत्र को आगे बढ़ाते हुए, सुश्री पंकज कुमारी से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने सक्रिय योगदान और सहयोग से संगठन को और सशक्त बनाएंगी।

जिला भाजपा की टीम ने सुश्री पंकज कुमारी को इस मनोनयन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

# शिविर : पूर्णिया में सेवा पखवाड़ा अभियान : विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निकाला जा रहा है समाधान

## सेवा पखवाडा की तहत विधुत विभाग के मेगा कैम्प में 197 शिकायतों में 50% का समाधान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा निर्देश के आलोक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, पूर्णियाँ पूर्वी अंतर्गत सभी सात ब्लॉक — पूर्णियाँ पूर्व, कसबा, डगरूआ, बायसी, अमौर, जलालगढ़ और बैसा में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 197 विद्युत समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 99 (50%) आवेदन का निराकरण मौके पर ही किया गया। शेष आवेदन पर कार्रवाई जारी है।

**उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी और जागरूकता**

शिविर में उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। 26 सितंबर को अवर प्रमंडल स्तर पर पूर्णियाँ (ग्रामीण), गुलाबबाग, अमौर और बायसी में मेगा शिविर आयोजित किया जाएगा।

इन शिविरों में चलंत वाहन द्वारा माइकिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी जाएगी। साथ ही साइबर ठगी से बचाव हेतु भी उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा।

**रंगीन विपत्र और जागरूकता सामग्री का वितरण** : 27 सितंबर को सभी जिला मुख्यालय और विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालयों पर शून्य विपत्र वाले उपभोक्ताओं को A4 साइज की रंगीन विपत्र, पम्पलेट और माननीय मुख्यमंत्री का संदेश वितरित किया जाएगा।

इसके अलावा, 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सभी दुर्गा पूजा पंडालों और मेला क्षेत्रों में सेल्फ पॉइंट, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।




**सेवा पखवाड़ा अभियान की प्राथमिकताएं** : कैंपों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर ऊर्जा अधिष्ठान हेतु सब्सिडी, स्मार्ट मीटर, बिल सुधार, बकाया भुगतान, नया कनेक्शन और पंजीकरण जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार मंजू ने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगातार काम कर रहा है और सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान और जागरूक करना प्राथमिकता है।

**अभियान की समापन अंतिम तिथि**

सेवा पखवाड़ा अभियान का समापन 2 अक्टूबर 2025 को होगा। विभाग के सभी अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे कैंपों में पूरी तत्परता के साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

# पूर्णिया में भाजपा द्वारा श्रद्धा और सेवा के साथ मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह

## विधायक विजय खेमका ने याद किया 'एकात्म मानववाद' और विकास का संदेश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों—वनभाग कोसी बिहार, विवेकानंद कॉलनी, सिटी पुस्तकालय, रानीपतरा और महेन्दरपुर—में भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों की बड़ी संख्या ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। विधायक विजय खेमका ने समारोह में कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए समर्पित रहा। उनका 'एकात्म मानववाद' समाज की मुख्यधारा को जोड़ने और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संदेश देता है।



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दीनदयाल जी के सपनों की दिशा में अग्रसर है देश** : विधायक खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा, नारी सशक्तिकरण को बल मिला और गरीबों व वंचितों तक सरकार की योजनाएं पहुंचीं। खेमका ने कहा कि यही संकल्प भविष्य में दीनदयाल जी के सपनों को पूरी तरह पूरा करेगा!

**कार्यकर्ताओं से हर घर संपर्क अभियान में सक्रिय भूमिका की अपील** : विधानसभा अधिकारी अवधेश साह, अनुपमा झा और सुजीत सिन्हा ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। मंडल अध्यक्ष पानो देवी, मनोज सिंह, गोपाल सिन्हा, मनोज गोश्वामी और पवन साहनी ने कार्यकर्ताओं से हर घर संपर्क अभियान को और तेज करने का आग्रह किया।

**सेवा पखवाड़ा और बाल चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह** : भाजपा नेता संजय मिश्रा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और सफल बाल चित्रकारों को सम्मानित किया।

### बायसी में विदेशी शराब जब्त, अभियुक्त गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल बायसी**

बायसी (डंगराहा ओपी) थाना पुलिस की संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई की, गश्ती के दौरान डंगराहा ओपी पुलिस ने कुल 14.400 लीटर विदेशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुकेश कुमार है, उम्र 26 वर्ष, पिता दुखन प्रसाद मेहता, निवासी भवानीपुर कामाख्या, वार्ड नं. 13, थाना नगर, जिला पूर्णिया। पुलिस ने कहा कि मुकेश कुमार पर संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस शराब की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए निरंतर गश्ती कर रही है

# विद्या विहार इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

विद्या विहार इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पूर्णिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और संकायजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों से सजे इस समारोह ने पूरे कैंपस का माहौल जीवंत कर दिया।



**विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटक जैसी प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही देश और समाज से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखकर उन्होंने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई।

**प्रबंधन व संकाय का रहा सराहनीय योगदान**

समारोह की सफलता में चेयरमैन राजेश चंद्र मिश्रा का मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का सहयोग अहम रहा। रजिस्ट्रार, वाइस प्रिंसिपल (मैनेजमेंट) Er. सौरभ कुमार, वाइस प्रिंसिपल (कम्प्यूटर साइंस) Er. अभिषेक प्रसून और डीन डॉ. हेमंत कुमार के सहयोग की भी विशेष प्रशंसा की गई। वरिष्ठ सलाहकार श्री विवेक राय और श्री रोहित कुमार झा, कार्यक्रम अधिकारी प्रसेनजीत सर तथा असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर श्री राहुल कुमार ने भी आयोजन की सफलता में योगदान दिया।

एनएसएस टीम व सहयोगी स्टाफ की सक्रिय भागीदारी

इस भव्य कार्यक्रम में कैंपस मैनेजर शारद चंद्र पांडेय ने आयोजन के संचालन और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं स्टूडेंट प्रोग्राम ऑफिसर रवि कांत तथा छात्र प्रमुख खुशी सिंह, निकिता नयन, ऋषभ सिंह, प्रियांशु वर्मा, रवि मिश्रा, राजकुमार, शुभम कर्ण और जान्हवी की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

इसके अलावा परीक्षा विभाग के रतन सर, TPO Er. अंकित मिश्रा, हॉस्टल वार्डन अक्षय कुमार सिंह, कर्ण जी एवं मेंटेनेंस टीम, किशोर चंद्र जी और मेस स्टाफ के प्रयासों की भी प्रशंसा की गई।

**फैकल्टी सदस्यों ने बढ़ाया समारोह का मान**

फैकल्टी Er. राहुल कुमार, Er. कुमार हर्ष, विशाल, कौशल कुमार, सुनील, मयंक शांडिल्य, डॉ. नीरज कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य संकायजनों की उपस्थिति और सहयोग ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस टीम ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के मार्गदर्शन व समर्थन की आशा जताई।

## - :जिले की संक्षिप्त खबरें :-

# मजरा पंचायत में आगलगी की घटना में एक ही परिवार के तीन घर राख

**न्यूज़ स्केल, हरदा**



कृत्यानंद नगर प्रखंड के मजरा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-4 के बोचाई कान्ही गांव में गुरुवार की सुबह अचानक लगी आग में एक ही परिवार के तीन घर पूरी तरह जल गये!

मिली जानकारी के अनुसार अग्निपीड़ित रितु देवी, पति दीपक राय के घर में सुबह आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और एक हीं परिवार के तीनों घर जलकर राख हो गए। इस हादसे में घर में रखे करीब 40 हजार रुपये नगद, वस्त्र, बर्तन, अनाज, जमीन के कागजात और शैक्षणिक दस्तावेज सहित अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

ग्रामीणों की सक्रियता से आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही मजरा राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और क्षति का आकलन किया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रागिब अहसन, उप प्रमुख विजय शर्मा और जदयू नेता आशीष कुमार ने अंचलाधिकारी से पीड़ित परिवार को शीघ्र क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है।

# अमौर प्रखंड में बिहार संयुक्त शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न

**न्यूज़ स्केल अमौर**

अमौर प्रखंड अंतर्गत बिहार संयुक्त शिक्षक संघ का चुनाव जिला अध्यक्ष श्री दीपक सिंह भतोरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में नई प्रखंड कमिटी का गठन किया गया, जिसमें मो. जाबिर आलम को प्रखंड अध्यक्ष, मो. रईसउद्दीन को प्रखंड सचिव, मो. इमरान आलम को कोषाध्यक्ष तथा सोहेल अहमद को महासचिव चुना गया। इसी क्रम में मो. आफताब आलम को वरीय उपाध्यक्ष, जबकि मो. सदाब आलम और मो. शाकिर आलम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कमिटी के अन्य सदस्यों का चयन एक-दो दिनों में किया जाएगा।



बैठक में प्रखंड के तमाम शिक्षकगण एवं जिला कमिटी के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एक मजबूत कमिटी के गठन पर विशेष चर्चा हुई ताकि शिक्षकों की सभी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। उपस्थित शिक्षकों ने नई कमिटी पर भरोसा जताते हुए उसके प्रति आभार प्रकट किया।

### श्रीनगर थाना ने 15 लीटर कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल श्रीनगर**

श्रीनगर थाना पुलिस कों वाहन जांच के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल हुईं, वाहन जाँच के दौरान श्रीनगर पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से कुल 15 लीटर कोडिनयुक्त कफ सिरप बरामद किया और मौक़े से एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मो. सैफ उर्फ सैफ रजा, उम्र 22 वर्ष, पुत्र वसी अहमद, निवासी फरियानी खोखा दक्षिण, वार्ड नं. 04, थाना श्रीनगर, जिला पूर्णिया बताया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह कफ सिरप अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था, जिसकी वजह से इसे जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# बनमनखी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

बनमनखी थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा मेला को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संजय कुमार ने की। इसमें अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज, सर्किल इंस्पेक्टर शंकर साह, आरपीएफ इंस्पेक्टर विजय शंकर, जीआरपी थानाध्यक्ष कुंवर कुमार यादव, अग्नि सेवा शमन कर्मी, पूजा समितियों के आयोजक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पूजा पंडालों एवं आसपास पूजा **पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा।**

बैठक में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने आयोजकों को बताया कि कि पुलिस अधीक्षक पूर्णिया के आदेशानुसार पूजा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराई जाए, इसे लेकर अश्लील व फूहड़ गीतों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, और ऐसा पाए जाने पर आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूजा पंडालों एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा।



**अलग-अलग बेरीकेटिंग, प्रवेश और निकासी सुनिश्चित की जाएगी**

संजय कुमार ने बताया कि मेला क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों और सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत थाना से संपर्क करें। पूजा पंडाल में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग बेरीकेटिंग, प्रवेश और निकासी सुनिश्चित की जाएगी। यात्री वाहनों का ठहराव निर्धारित स्थलों पर ही रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी लाइसेंस जरूरी**

उन्होंने बताया कि पूजा हेतु लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पुराने लाइसेंस वाले समितियों को आवेदन देकर नवीकरण कराना होगा, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी लाइसेंस जरूरी है। प्रतिमा विसर्जन पूर्व निर्धारित मार्ग और कार्यक्रम के अनुसार करना होगा। प्रत्येक समिति कम से कम 10 वॉलंटियर नियुक्त करेगी, जिनका फोटो और आधार कार्ड प्रशासन को सौंपना होगा।

**सुरक्षा के इंतजाम पर रहा जोर**

सुरक्षा दृष्टिकोण से बिजली विभाग को नंगे तार हटाने और नई वायरिंग करने के निर्देश दिए गए। आग रोकने हेतु पर्याप्त बालू रखने, अगरबत्ती और दिया जलाने की निगरानी और विसर्जन स्थल पर पानी की गहराई जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**बैठक मे रहे उपस्थित**

बैठक में अजय सिंह, अरुण यादव, प्रेम कुमार साह, श्यामदेव पासवान, श्याम यादव, संतोष चौरसिया सहित कई लोग मौजूद थे।

# अगलगी की घटना में , तीन घर और दुकान जलकर खाक

**न्यूज़ स्केल केनगर,**

कृत्यानंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत काझा पंचायत के वार्ड संख्या एक बानियांपट्टी रहिका टोला में बुधवार की शाम आगजनी की बड़ी घटना घटित हुईं, इस घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि करीब 7:30 बजे तीन टीन-फूस से बने घर और एक किराना दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। दमकल और पुलिस की तत्परता घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन तथा केनगर थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और दमकलकर्मियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरी स्थिति का जायजा लिया।



लाखों की संपत्ति राख

आगजनी में एक किराना दुकान का पूरा सामान, दो पलंग, दो गोदरेज, दो फ्रिज, दो ट्रंक, तीन किवाड़, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दो मोबाइल फोन, एक एलसीडी, मिक्सी, वाशिंग मशीन सहित रसोई के नष्ट हो गए। इसके अलावा सोना-चांदी के आभूषण, कपड़े, बर्तन, पंखा, टेबल-कुर्सी, अनाज और यहां तक कि घर में पाले गए कबूतर भी जलकर राख हो गए। अनुमानित क्षति लगभग पांच लाख रुपये से अधिक बतायी जा रही है।

पीड़ित ने दी आवेदन

अग्नि पीड़ित उमेश महलदार ने इस घटना के संबंध में थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।

संपूर्ण हिंदी साप्ताहिक
न्यूज़ स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# मुख्यमंत्री ने भागलपुर को दिया 301 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**न्यूज़ स्केल भागलपुर**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को सन्हौला प्रखंड के धुआबै गांव पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के विकास के लिए 301 करोड़ रुपये की योजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री के आगमन से गांव में उत्साह का माहौल था। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस ऐतिहासिक मौके को देखने के लिए उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि विकास उनकी प्राथमिकता है और अब कोई भी गांव वंचित नहीं रह पाएगा।

**सड़क और जल आपूर्ति में सुधार की योजना** : मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को शहर से जोड़ने के लिए नई सड़कें बनाई जाएंगी और जर्जर सड़कों की मरम्मत की जाएगी। घर-घर शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि खेतों में सिंचाई की सुविधा बढ़ाई जाएगी, जिससे कृषि उत्पादन में सुधार होगा। ग्रामीणों ने दशकों से जिस सड़क और पानी की सुविधा का इंतजार किया था, अब वह सपना पूरा होने जा रहा है।

**बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास** : मुख्यमंत्री ने ग्रामीण इलाकों में बिजली कनेक्शन बढ़ाने, पुराने तार और पोल बदलने और नए सब-स्टेशन स्थापित करने की योजना की घोषणा की। साथ ही, स्कूल भवनों का नवीनीकरण किया जाएगा और स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। युवाओं ने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के लिए अपनी खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**स्व. सदानंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण** : कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने धुआबै गांव में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. सदानंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे। जदयू नेता एवं स्व. सदानंद सिंह के पुत्र शुभानंद मुकेश ने कहा कि यह उनके पिता और पूरे कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने भावुक होते हुए बताया कि आज़ादी के बाद अब तक उनके गांव में किसी मुख्यमंत्री का दौरा नहीं हुआ था।

**सेविकाओं, शिक्षकों और छात्राओं का धन्यवाद :**

मुख्यमंत्री ने हाल ही में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और शारीरिक शिक्षकों के मानदेय वृद्धि की घोषणा पर भी लोगों से संवाद किया। सभी कर्मियों ने अपनी खुशी व्यक्त की और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इसके अलावा, मैट्रिक और इंटर पास करने वाली छात्राओं ने प्रोत्साहन राशि मिलने पर आभार प्रकट किया। छात्राओं ने कहा कि इस मदद से उन्हें आगे की पढ़ाई में आसानी होगी। पूरा कार्यक्रम आभार और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सेविकाओं, सहायिकाओं, शिक्षकों और छात्राओं ने एक सुर में मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

1: गांवों को शहर से जोड़ने के लिए नई सड़कें बनाई जाएंगी और जल आपूर्ति में सुधार होगा।

2: बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य होंगे, जिसमें स्मार्ट क्लास और आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

3: मुख्यमंत्री ने स्व. सदानंद सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर भावनात्मक संदेश दिया।

4: आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, शिक्षकों और छात्राओं ने मानदेय वृद्धि और प्रोत्साहन राशि पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

## एनटीपीसी कहलगाँव ने विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन



**भागलपुर,** (हि.स.)। एनटीपीसी कहलगाँव में चल रहे हिन्दी पखवाड़ा के तहत गुरुवार को शंकर साह विक्रमशिला महाविद्यालय, कहलगाँव में राजभाषा ज्ञान, भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन भास्कर गुप्ता मुख्य अतिथि थे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्र निर्माण और डिजिटल युग में हिन्दी की भूमिका पर विचार रखे। गुप्ता ने कहा कि हिन्दी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति और एकता का आधार है। विजेताओं को पखवाड़ा समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासनिक महकमा और भाजपा कार्यकर्ता



**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.) फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में आगामी 27 सितम्बर को देश के गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम तय है,जहां वे दस जिलों के भाजपा कोर कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक करने के साथ एक सभा को संबोधित करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में दस जिलों के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर जिले का प्रशासनिक महकमा सहित भाजपा के कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। सभा स्थल पर मंच निर्माण के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम अनिल कुमार,एसपी अंजनी कुमार ने अधिकारियों और भाजपा संगठन से जुड़े नेता एवं स्थानीय विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी के साथ सभा स्थल का जायजा लिया। मौके पर डीएम अनिल कुमार और एसपी अंजनी कुमार ने फारबिसगंज एसडीएम रंजीत कुमार रंजन एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,डीएसपी हेडक्वार्टर फखरे आलम सहित थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह,बीडीओ, सीओ, ईओ आदि को सुरक्षा व्यवस्था और लोगों जनसभा स्थल पर आने जाने वाले मार्ग की सुनिश्चितता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए,गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारतीय वायु सेना से एसपीजी के अधिकारी भी पहुंचे और सुरक्षा सहित विधि व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ जिला का प्रशासनिकऔर पुलिस अधिकारियों को कई बिंदुओं पर निर्देशित किया। मौके पर मौजूद फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने गृह मंत्री का कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा की ओर से आयोजित केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यकर्ता सम्मेलन में 10 जिलों के 49 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री कोर कमिटी के सदस्यों के साथ दो घंटे तक मंथन भी करेंगे और उसके उपरांत कार्यकर्ताओं को सभा के माध्यम से संबोधित करेंगे।कार्यकर्ता सम्मेलन में पंचायत से लेकर जिले स्तर तक के पार्टी पदाधिकारियों को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण है।जहां कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर कार्यकर्ताओं को मंत्र देंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,विधायक विद्यासागर केशरी,मुख्य पार्षद वीणा देवी,जिला उपाध्यक्ष आकाश राज,नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मिंटू,प्रवीण कुमार,रजत कुमार सिंह,प्रताप नारायण मंडल,रोहित यादव,दिलीप मेहता,संदीप कुमार,करण कुमार भूमिहार,प्रो.गणेश ठाकुर,मनोज झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा और भाजयुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गृह मंत्री के कार्यक्रम से पहले चार बार विधायक रहे जनार्दन यादव ने भाजपा से दिया इस्तीफा



**अररिया,** (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 सितंबर को फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में 10 जिले के 49 विधानसभा जिले के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। इस मौके पर अमित शाह जीत का मूल मंत्र देंगे और सभा को संबोधित करेंगे। लेकिन उनके दौरे से ठीक तीन दिन पहले भाजपा में बड़े स्तर की हलचल देखने को मिली।

**जनार्दन यादव का इस्तीफा** : नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे भाजपा नेता जनार्दन यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। यादव लंबे समय से पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं और वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। उच्च न्यायालय के निर्देश पर उनकी उम्र कम होने के कारण 1977 का चुनाव रद्द कर 1980 में उपचुनाव कराया गया, जिसमें वे फिर जीतकर विधायक बने। 2000 और 2005 में भी वे भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं।

**भ्रष्टाचार और पार्टी की उपेक्षा पर नाराजगी** : जनार्दन यादव ने अपने इस्तीफे के दौरान आरोप लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है। उनका कहना है कि फारबिसगंज और नरपतगंज के वर्तमान विधायक जनता की सेवा में सक्षम नहीं हैं और सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने भाजपा संगठन में बाहरी तत्वों की घुसपैठ और पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर भी नाराजगी जताई।

**पुरानी पार्टी नीतियों पर सवाल**

जनार्दन यादव ने कहा कि नरपतगंज से चार बार प्रतिनिधित्व करने के बावजूद उन्हें पार्टी में उपेक्षा का सामना करना पड़ा। उनकी आलोचना पार्टी की अनदेखी और पुराने नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर केंद्रित रही। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश कार्य समिति सदस्य और अररिया विधानसभा के पूर्व लोजपा प्रत्याशी अजय कुमार झा ने भी पार्टी की नीति पर नाराजगी जताई थी और टिकट न मिलने की स्थिति में आत्मदाह की चेतावनी दी थी।

## नवरात्रि के चौथे दिन फारबिसगंज में हुई माँ कूष्माण्डा की पूजा, भक्तों की उमड़ी भीड़



**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)। नवरात्रि के चौथे दिन आज फारबिसगंज के सुल्तान पोखर स्थित माँ भगवती वैष्णो देवी मंदिर में माँ कूष्माण्डा की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माँ कूष्माण्डा को सृष्टि की आदिस्वरूपा माना जाता है। भक्तों ने देवी को मालपुआ और पेड़े का भोग लगाकर उनकी आराधना की। ऐसी मान्यता है कि माँ कूष्माण्डा ने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी, इसलिए वे भक्तों को आरोग्य और तेज प्रदान करती हैं। माँ भगवती वैष्णो देवी मंदिर, सुल्तान पोखर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने इस पूजा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कीं। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु मौजूद थे, जिन्होंने माँ कूष्माण्डा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## जोगबनी-अररिया-सिलीगुड़ी रेलखंड पर ट्रेन चलाने की मांग



**अररिया**(हि.स.)। नवनिर्मित अररिया-ठाकुरगंज रेल मार्ग के लोकार्पण के बाद जोगबनी-फारबिसगंज से सिलीगुड़ी के लिए ट्रेन चलाने की मांग उठनी शुरू हो गई है। जोगबनी-अररिया- सिलीगुड़ी रेलखंड पर जोगबनी से एक भी ट्रेन के नहीं चलाए जाने से सीमांचल कै रेल यात्री अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं और धीरे धीरे आक्रोश पनप रहा है। उल्लेखनीय है की वर्तमान में सिर्फ एक जोड़ी पैसेंजर्स ट्रेन 15701 / 02 कटिहार से अररिया कोर्ट होते हुए सिलीगुड़ी के लिए दी गई है, जो यात्रियों की संख्या को देखते हुए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है । इस ट्रेन में यात्रियों की बेतहाशा भीड़ होती है।यात्री भेड़ बकरी की तरह लदकर यात्रा करने को मजबूर हैं। इस संदर्भ में कटिहार रेल मंडल की रेल परामर्श दात्री समिति के सदस्य एवं बिहार दैनिक रेल यात्री संघ की केंद्रीय समिति के सदस्य बछराज राखेचा ने डीआरएम, सीनियर डीसीएम तथा सीनियर डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर को पत्र भेजकर वर्तमान में जोगबनी से सिलीगुड़ी टाउन के बीच परिचालित हो रही 15723/24 इंटरसिटी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर इसे अररिया से रहमतपुर, पौवाखाली,ठाकुरगंज होते हुए चलाए जाने की मांग की है।साथ ही ट्रेन का जोगबनी से प्रस्थान समय परिवर्तन कर प्रातः 6:30 बजे एवं सिलीगुड़ी टाउन से वापसी में अपराह्न 3:00 किए जाने को लिखा है। इसके साथ ही राखेचा ने जोगबनी से सिलीगुड़ी के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलाए जाने का सुझाव दिया है, जो जोगबनी से अपराह्न 2:30 बजे खुलकर वापसी में सिलीगुड़ी से दूसरे दिन सुबह 6:00 बजे खुले । इसके साथ ही रक्सौल-जोगबनी के बीच परिचालित हो रही ट्रेन 15501/ 02 को त्रिसाप्ताहिक करते हुए इसका विस्तार न्यू जलपाईगुड़ी तक करने तथा पूजा स्पेशल 05737/38 नरकटियागंज -न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस को नियमित करते हुए इसे त्रिसाप्ताहिक ट्रेन के रूप में चलाये जाने की मांग की गई। कटिहार रेल डिवीजन के मुख्य परिचालन प्रबंधक ने श्री राखेचा को दूरभाष पर बताया की इन ट्रेनों को चलाए जाने की संभावना पर विभागीय रेल अधिकारीयों से बात कर रहे हैं,जिसके सुखद परिणाम आने की आशा की जा सकती है। सांसद के रेल प्रतिनिधि सह डीआरयूसीसी के सदस्य विनोद सरावगी, रेल कम्यूटर्स फोरम के सदस्य राकेश रौशन,रेल यात्री संघ के सदस्य चंदन भगत आदि ने भी इन ट्रेनों के परिचालन हेतु सांसद प्रदीप सिंह से पहल किए जाने के अनुरोध किया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कटिहार रेलमंडल में वृक्षारोपण



**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेल मंडल अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डीआरएम किरेंद्र नाराह द्वारा साहेबपरा स्थित चिल्ड्रंस पार्क में स्वयं वृक्षारोपण कर किया गया डीआरएम किरेंद्र नाराह ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व को भी रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक आदत है, एक संस्कृति है जिसे हमें अपनाना होगा। जब हम अपने आस-पास को स्वच्छ रखते हैं, तो हम न केवल एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करते हैं, बल्कि एक स्वच्छ और सुंदर समाज की नींव भी रखते हैं।

अध्यक्षा निवेदिता नाराह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाना है। जिसमें हम सबको मिलकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं।कार्यक्रम में डीआरएम किरेंद्र नाराह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह, आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस, रेल महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नाराह, उपाध्यक्ष पूजा सिंह और अन्य रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान दर्जनों अलग-अलग फल आदि के वृक्ष लगाए गए और रेल में आयोजित वृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वकसंपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में डीआरएम द्वारा सभी रेल अधिकारियों और कर्मियों को जूट के विशेष थैली दे कर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 : सुपौल में एक दिन एक घंटा श्रमदान गतिविधि आयोजित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 (स्वच्छता पखवाड़ा) अभियान के अंतर्गत दिनांक 25.09.2025 को राष्ट्रीय गतिविधि - एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अभियान का नेतृत्व उप विकास आयुक्त सुपौल सुश्री सारा अशरफ ने किया। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक और स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया।



**तालाबों और सार्वजनिक स्थलों की सामुदायिक सफाई** : कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में निर्मित तालाबों और आसपास के क्षेत्र का सामुदायिक सफाई अभियान चलाया गया। सभी उपस्थित अधिकारी और कर्मी जुटकर पानी की सतह, तालाब किनारे और आसपास के कचरे को हटाने में सक्रिय रहे। यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक रहा, बल्कि जिले में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर श्रमदान** : जिले भर के प्रखंडों और पंचायतों में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया के नेतृत्व में एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने गाँव, पंचायत और प्रखंड के सार्वजनिक स्थानों की सफाई में सक्रिय भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि स्वच्छता के स्थायित्व को बनाए रखना और समुदाय में सफाई की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस प्रकार सुपौल जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित यह गतिविधि जिले और प्रखंड स्तर पर स्वच्छता के संदेश को मजबूती से आगे बढ़ाने में सफल रही।



**स्कूली बच्चों और शिक्षकों की स्वच्छता रैली** : तालाब की सफाई के पश्चात स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर स्वच्छता संदेश दिए और समुदाय को सफाई बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूक किया। यह पहल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति बच्चों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

# सुपौल में SVEEP गतिविधि के तहत स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिले में स्वच्छता अभियान के तहत आज SVEEP (Systematic Voter Education and Electoral Participation) गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे समाहरणालय से प्रारंभ होकर एम.एस. गौरवगढ़ चौक तक निकाला गया। इस अवसर पर अधिकारियों और आमजन ने एक साथ मिलकर मतदाता जागरूकता और स्वच्छता का संदेश दिया।



**अधिकारियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति** : कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ, निदेशक DRDA, प्रबंधक DRCC, जिला समन्वयक, ए.सी.ओ., डी.पी. एम. (स्वास्थ्य) सहित कई अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें मतदान के महत्व और स्वच्छता बनाए रखने के नियमों के प्रति जागरूक किया।

**स्वच्छता के साथ लोकतंत्र को सुदृढ़ करने का संदेश** : कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। यह पहल केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रही, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्व के प्रति भी जागरूक करने का प्रयास रही। इस तरह की गतिविधियाँ जिले में स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं

# वार्ड सदस्य संघ का एक दिवसीय धरना

## वार्ड सदस्य जनता का सबसे करीबी जन प्रतिनिधि- डॉ. अमन



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिला मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज चौक के प्रांगण में गुरुवार को पंचायत वार्ड सदस्य संघ के बैनर तले एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने की और संचालन श्याम पोद्दार ने किया। धरने में संघ के सदस्यों ने वार्ड सदस्यों के अधिकार, सुविधाओं और स्थानीय विकास को लेकर अपनी मांगें प्रमुखता से रखीं।

**अनुरक्षकों के मानदेय और अन्य मांगें** : जिला महासचिव अरुण भारती ने नल-जल योजना के तहत कार्यरत अनुरक्षकों का मानदेय बढ़ाकर दैनिक मजदूरी के हिसाब से कम-से-कम दस हजार रुपये प्रति माह किए जाने की मांग की। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष महेश गोस्वामी, सज्जन यादव, वीर बहादुर यादव, बिनोद कुमार यादव, आलोक कुमार, दिलीप सिंह, रविंद्र कुमार, सुधीर मिश्र, संतोष कुमार, प्रमोद यादव, मो. मेंहदी, बबीता कुमारी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे

**वार्ड सदस्यों की भूमिका और अधिकार** : धरना को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक डॉ. अमन कुमार ने कहा कि वार्ड सदस्य जनता के सबसे नजदीकी जनप्रतिनिधि हैं और लोकतंत्र की बुनियाद हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे केवल वोट देने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए वार्ड सदस्य के कार्यों पर निगरानी रखें। डॉ. कुमार ने कहा कि सांसद, विधायक एवं विधान पार्षद की भांति वार्ड सदस्यों को भी पेंशन योजना का लाभ मिलना चाहिए।

**विकास योजनाओं और निधि वितरण की मांग**

जिला अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना को पूरी तरह लागू किया जाए और विकास राशि डब्ल्यू.आई.एम.सी. के खाते में तुरंत डाली जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वार्ड सदस्यों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। प्रदेश कोषाध्यक्ष मुनेश्वर साह ने वार्ड सदस्यों को मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का प्रशासनिक अधिकार देने की मांग की।

# भक्ति और आस्था से जगमगा उठा सुपौल

## नवरात्रि के चौथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल में शारदीय नवरात्र के चौथे दिन जिलेभर के शक्ति मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने आदि शक्ति मां दुर्गा के चौथे स्वरूप, देवी कूष्मांडा की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर आस्था का परिचय दिया। सुबह से मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं और प्रत्येक श्रद्धालु ने घंटा-शंख की ध्वनि के बीच महा आरती में हिस्सा लिया।



**सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश** : श्रद्धालुओं का मानना है कि देवी कूष्मांडा की पूजा से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। नवरात्र केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि जिले की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संदेश भी है। मंदिर समितियों, प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से यह पर्व सुचारू और भक्तिमय तरीके से मनाया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रवीर कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख पंडालों का निरीक्षण किया।

**भव्य पंडाल और सजावट**

सुपौल शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पूजा पंडालों को आकर्षक थीम और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। प्रत्येक पंडाल में देवी के अलग-अलग रूप दर्शाए गए, जिससे श्रद्धालु पूजा में लीन होने के साथ-साथ शहर के सांस्कृतिक उत्सव का भी आनंद ले सके।

**सुरक्षा और प्रशासनिक इंतजाम**

जिला प्रशासन ने इस अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए। मंदिरों और पंडालों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं, जिससे बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई।

# सदर प्रखंड के लाउढ पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

» मतदाताओं से मतदान में शत प्रतिशत भाग लेने की अपील





सदर प्रखंड के लाउढ पंचायत में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरूकता एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति गामी ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों ने यह शपथ ली कि वे आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में अवश्य मतदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे।

# पिपरा में विद्युत से संबंधित शिकायत व समाधान को लेकर लगा शिविर

**न्यूज़ स्केल पिपरा**





प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड परिसर में गुरुवार को सेवा पखवाड़ा के तहत बिहार सरकार के निर्देश पर नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड,पटना द्वारा विद्युत से संबंधित शिकायत व समाधान को लेकर शिविर लगाई गई. जिसमें पांच आवेदन अब तक प्राप्त हुई है।पिपरा विद्युत् विभाग के कनीय अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि इस शिविर में स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायत ,विद्युत आपूर्ति ,नए कृषि संबंधित समस्याओं का समाधान ,नए विद्युत कनेक्शन सहित लगभग दर्जनों उपभोक्ताओं को पीएम मुफ्त सूर्य घर योजना और सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली के बारे जानकारी दी गई। कनीय अभियंता मनोज कुमार ने कहा अन्य विद्युत संबंधित समस्याओं के लिए टॉल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं. उपभोक्ता नए विद्युत सम्बन्ध हेतु सुविधा ऐप के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकते हैं।इस शिविर में पिपरा विद्युत विभाग के कनीय विद्युत अभियंता मनोज कुमार,लाइन मेन योगेंद्र मंडल,अमरजीत कुमार,अरुण कुमार आदि कर्मी सहित विद्युत उपभोक्ता शामिल रहे।

# सुपौल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस (एन.एस.एस. डे) बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के एन.एस.एस. क्लब की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें योग, स्वच्छता अभियान और अनेक रोचक खेल प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं।

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बलून ट्रेन, खेल गुलेल, चैन मेकिंग, घूम बराबर घूम तथा बंद आँखों से रास्ता देखो जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए. एन. मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना सरकार द्वारा समाज सेवा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज की सेवा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

एन.एस.एस. क्लब के फैकल्टी एडवाइजर आशीष आनंद ने भी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की उद्देशिका एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फैकल्टी एडवाइजर आशीष आनंद, सुनील कुमार साहू, रौशनी सुमन, पंकज सिंह तथा क्लब के प्रेसिडेंट निर्भय कुमार, छात्र समन्वयक अमरजीत कुमार, साकेत कुमार, अनुराग, तनिष, अंकित, आलोक, छोटू, हर्ष के साथ क्लब के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





इस प्रकार, यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के बीच सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्शों को आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

# मरौना में बिजली उपभोक्ताओं के लिए विशेष शिविर आयोजित

## मौके पर ही हुई बिल सुधार व नया कनेक्शन की प्रक्रिया

**न्यूज़ स्केल मरौना**

मरौना प्रखंड कार्यालय स्थित बेलही परिसर में गुरुवार को ऊर्जा विभाग की ओर से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपभोक्ताओं के गलत बिजली बिलों का सुधार, नया मीटर कनेक्शन प्रदान करने, मोबाइल नंबर अपडेट करने सहित विभिन्न शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन एवं समाधान किया गया।



शिविर को लेकर सहायक विद्युत अभियंता पिंटू कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मौके पर कई उपभोक्ताओं के गलत बिलों को ठीक किया गया, मोबाइल नंबर अपडेट किए गए और नए मीटर कनेक्शन हेतु आवेदन लिए गए।

उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना के बारे में भी शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं और समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें।

इस विशेष शिविर के आयोजन से स्थानीय उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं का समाधान कराने पहुंचे। ऊर्जा विभाग की इस पहल की लोगों ने सराहना की और इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

शिविर के दौरान सहायक विद्युत अभियंता निर्मली पिंटू कुमार, कनीय विद्युत अभियंता मरौना राजेश कुमार, कार्यपालक सहायक सुशील कुमार सुमन, टेक्निकल मानव बल इकरामूल हक, लाइनमैन अजय कुमार भारती, शिवनन्दन कुमार और जगदीश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा : प्रशासन और शांति समिति की साझा जिम्मेदारी

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुगम यातायात और सुदृढ़ विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य रहेगा। सभी पदाधिकारियों को सजग और प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया।

**सफाई और स्थानीय सहयोग**
नगर आयुक्त ने कहा कि पूजा पंडालों के आस-पास सफाई पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। सुबह और शाम दोनों समय सफाई दल लगाए जाएंगे। पूजा समितियों से भी अपेक्षा की गई है कि वह पंडाल और आसपास की जगह स्वच्छ बनाएंगे।

**सतर्कता और अफवाह नियंत्रण**
जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है और वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी अफवाह पर ध्यान न देकर सूचना सीधे उनके मोबाइल नंबर पर साझा करने को कहा गया। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है और पूजा समितियों को सभी जरूरी निर्देश, जैसे लाइसेंस, लाउडस्पीकर एक्ट का पालन, फायर सेफ्टी उपाय, प्रवेश-निकास व्यवस्था और विवादित स्थलों पर मूर्ति स्थापना न करने के निर्देश, प्रदान किए गए हैं।

**समापन संदेश** : जिलाधिकारी ने शांति समिति और प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताई और कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता के साथ असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी उपस्थित सदस्य पर्व को सफल बनाने में प्रशासन के साथ सक्रिय सहयोग करेंगे।



**विसर्जन और पंडाल सुरक्षा**
विसर्जन जुलूस में उत्तेजक नारे व डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। जिला प्रशासन ने ऊंचे वॉच टावर, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन, फोटो-वीडियोग्राफी और महिला सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन पर रोक, क्विक रिस्पांस टीम, बाइक पेट्रोलिंग और सादे लिवास में तैनात जवानों के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्वी चंपारण में पोषण माह के तहत जिला स्तरीय DCAP बैठक संपन्न



**न्यूज स्केल मोतीहारी**

जिले में पोषण माह 2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए आज जिला स्तरीय अभिसरण कार्य योजना (DCAP) की बैठक उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पोषण अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना था।

**पोषण अभियान की प्रमुख जानकारी** : बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, श्रीमती विनीता कुमारी ने पोषण अभियान के अंतर्गत किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, जिला समन्वयक मो. कामरान आलम ने बच्चों में कुपोषण रोकथाम, एनीमिया प्रबंधन, स्तनपान को बढ़ावा, पूरक आहार, स्वच्छता और साफ-सफाई से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किए।

**सहभागिता और प्रतिबद्धता**
बैठक में सिविल सर्जन, जिला जन संपर्क अधिकारी, शिक्षा विभाग, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला विकास निगम, WHO और यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी उपस्थित अधिकारियों ने मिलकर पोषण माह का प्रतिज्ञा पत्र पढ़ा और अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**उप विकास आयुक्त के निर्देश**
उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि पोषण अभियान का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पेयजल और शौचालय की पूर्ण व्यवस्था, सेविकाओं का आयुष्मान भारत कार्ड सुनिश्चित करना, मासिक टीकाकरण अभियान, और सभी आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता को शत प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया गया। 26 सितंबर को पोषण चौपाल का आयोजन और जन जागरूकता बढ़ाने हेतु रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और गृह भ्रमण जैसी गतिविधियों को अनिवार्य रूप से संपन्न करने का निर्देश दिया गया।

# जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बेतिया द्वारा युक्तधारा पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने किया युक्तधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण**

**न्यूज स्केल बेतिया**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बेतिया द्वारा महात्मा गांधी मनरेगा योजना के अंतर्गत युक्तधारा पोर्टल (Yuktdhara Portal) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री सुमित कुमार (भा.प्र.से.) ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में योजनाओं का चयन अब GIS (Geographic Information System) के आधार पर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

**पंचायत स्तर पर GIS आधारित योजना और निगरानी ;**'' उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर मनरेगा योजनाओं की योजना एवं निगरानी GIS आधारित होगी और यह प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल, 2026) से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला के सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों, तकनीकी कर्मियों और पंचायत रोजगार सेवकों को युक्तधारा पोर्टल के सही उपयोग के लिए सक्षम बनाना है। इसके माध्यम से कर्मियों द्वारा पंचायत स्तर पर कार्य मानक अनुरूप संपन्न होगा। GIS आधारित योजना प्रबंधन से न केवल योजना की सटीकता बढ़ेगी, बल्कि वास्तविक समय में निगरानी और रिपोर्टिंग भी आसान होगी।इस प्रकार बेतिया में आयोजित युक्तधारा पोर्टल प्रशिक्षण कार्यक्रम ने जिला के तकनीकी और प्रशासनिक कर्मियों को नई डिजिटल प्रणाली के उपयोग में सक्षम बनाने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आगामी वित्तीय वर्ष से यह पोर्टल मनरेगा योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में एक मील का पत्थर साबित होगा।





**प्रशिक्षण में हुए अधिकारीगण की उपस्थिति :**
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक (रा.नि.का.) पुरषोत्तम त्रिवेदी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला वित्तीय प्रबंधक मनरेगा, कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता मनरेगा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने युक्तधारा पोर्टल के संचालन, डेटा प्रबंधन और योजनाओं की प्रभावी निगरानी से संबंधित जानकारी साझा की। योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम से यह सुनिश्चित होगा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन पारदर्शिता और दक्षता के साथ हो।

# रक्सौल में आरपीएफ ने रेलवे तार चोर गिरोह का किया खुलासा



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी एवं सीआईबी इंस्पेक्टर के.के. पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को विशेष अभियान चला कर रेलवे तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। टीम ने रक्सौल यार्ड से रेलवे कोच के नीचे लगे कॉपर तार की चोरी करते तीन शातिर चोरों को रंगे हाथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर आदापुर श्याम बाजार स्थित कबाड़ी के ठिकाने पर छापेमारी की गई। छापेमारी में भारी मात्रा में रेलवे का कॉपर तार बरामद हुआ। इस दौरान कबाड़ी कारोबार से जुड़े भगवान प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। जबकि श्याम बाजार निवासी रिसीवर गणेश साह मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार तीनों चोरों की पहचान आदापुर रूनिया टोला वार्ड नंबर 10 निवासी रोहित कुमार (पिता-राजेश कुमार दास), सत्यम कुमार (पिता-जितेंद्र शाह) एवं समीर अंसारी (पिता-अशरफ अंसारी) के रूप में हुई है। इनके अलावा चौथा आरोपी अमन अंसारी (पिता-इब्राहिम अंसारी) अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।
रेलवे संपत्ति अधिनियम के तहत इस मामले में आधा दर्जन आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर माननीय रेलवे न्यायालय बेतिया में प्रस्तुत किया गया। फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। आरपीएफ सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई से रेलवे तार चोरी करने वाले संगठित गिरोह में हड़कंप मच गया है। लगातार हो रही छापेमारी से गिरोह से जुड़े अन्य लोगों पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है।

## परिवहन विभाग ने वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

-----------------------

**नवादा,** (हि.स.)। रजौली के बाईपास के पास अस्थाई बस स्टैंड पर परिवहन विभाग के सौजन्य से गुरुवार को व्यवसायिक वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 80 चालकों की नेत्र जांच की गई।
एमभीआई पार्थ सिद्धार्थ और आरटीओ संदीप कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नेत्र दोष के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। शिविर में अनुमंडलीय अस्पताल रजौली की नेत्र सहायक सुमन सौरभ, जीएनएम प्रमिला बिहान, गार्ड बृजनंदन कुमार, ईएमटी एवं एंबुलेंस चालक राजीव कुमार मौजूद रहे।
इस दौरान 38 व्यवसायिक वाहन चालकों का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में ट्रक, बस, ऑटो, ई-रिक्शा और अन्य व्यवसायिक वाहनों के चालकों का परीक्षण किया गया।
आरटीओ संदीप कुमार ने कहा कि नेत्र परीक्षण से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित होगी और दुर्घटनाओं की संभावना घटेगी, जिससे सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# रक्सौल में मैत्री पुल पर विदेशी नागरिक गिरफ्तार, पासपोर्ट में गड़बड़ी का हुआ खुलासा



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल पर आव्रजन जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने एक विदेशी नागरिक को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने जांच अभियान के तहत नाइजीरिया के नागरिक हेनरी चिंगोजी ओमेकी को हिरासत में लिया। हरैया थाना प्रभारी किशन पासवान ने बताया कि उक्त विदेशी नागरिक संदिग्ध तरीके से पासपोर्ट के आधार पर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। आव्रजन कार्यालय में पासपोर्ट सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आई, जिसके बाद उसे तुरंत पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उसने पासपोर्ट संबंधी नियमों का उल्लंघन किया है और कागजात में भारी विसंगति पाई गई है। फिलहाल एसएसबी और आव्रजन विभाग की संयुक्त टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा इस मामले में आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गई है। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए जांच प्रक्रिया को और सख्त किया जाए।

# आकाशीय वज्रपात से किशोर समेत दो लोगों की हुई मौत



**नालंदा,** (हि.स.)। नालंदा जिले में गुरुवार की अहले सुबह आकाशीय वज्रपात से किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक झुलसकर जख्मी हो गया। वहीं बेजुबान दो बकरियां भी ठनका से मौत की शिकार हो गई।
घटना पावापुरी थाना अंतर्गत घोसरावां गांव में पहली घटना घटी, जहां खेत से लौट रहे अधेड़ की जान वज्रपात के चपेट में आने से जान चली गई। मृतक की पहचान स्व. फगुनी मिस्त्री के 41 वर्षीय पुत्र गुजल मांझी के रूप में की गई हैं। वहीं दूसरी घटना वेन थाना क्षेत्र के गुरुशरणपुर गांव में वज्रपात से एक किशोर की जान चली गई। मृतक की पहचान 14 वर्षीय रोहन कुमार के रूप में की गई है।
घटना के संबंध में मृतक के परिवार वालों ने बताया कि युवक बकरियां चरा रहा था उसी दौरान घटना हुई है। जहां वज्रपात की चपेट में आकर दो बकरियों की भी मौत हो गई। इसी तरह दीपनगर थाना क्षेत्र के उमेद नगर गांव में वज्रपात के संपर्क में आकर 35 वर्षीय उपेंद्र कुमार झुलसकर जख्मी हो गए। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। संबंधित थानाध्यक्षों ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# अलीनगर में 125 यूनिट फ्री योजना और बिल गड़बड़ी पर समाधान




**दरभंगा,** (हि.स.)। अलीनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को विद्युत विभाग की ओर से बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान और जागरूकता के लिए शिविर आयोजित किया गया। राज्य सरकार की ओर से 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं की शिकायतें भी सुनी गईं। शिविर में गलत बिल, खराब मीटर और कृषि कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं का निदान किया गया। विभाग ने मौके पर ही 32 बिजली बिल संबंधी, 1 नए कनेक्शन और 1 खराब मीटर से जुड़ा आवेदन प्राप्त किया। विभागीय अभियंता मदन मोहन दास ने उपस्थित उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का निपटारा शीघ्र किया जाए

# सीएससी सेंटर पर छापेमारी, नकली जीवन और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का हुआ भंडाफोड़



**पश्चिम चम्पारण (बगहा),** (हि.स.)। बगहा-02 के अंचलाधिकारी रवि प्रकाश चौधरी ने लोगों की शिकायत पर पुलिस बल के साथ बुधवार देर शाम एक अवैध दस्तावेज निर्माण करने वाली दुकान की छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी सीएससी संचालक फरार हो गया।

**नकली प्रमाण पत्र बनाने की शिकायत पर कार्रवाई** : जन सेवा केंद्र के नाम से संचालित सीएससी को सिकंदर कुमार द्वारा नौरंगिया थाना क्षेत्र के पचरूखा सिरिसिया में खोला गया था। ग्रामीणों ने शिकायत दी थी कि इस केंद्र से आधार कार्ड का उपयोग कर नकली जीवन एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद अंचलाधिकारी और पुलिस टीम ने मौके पर जाकर जांच की।

**छापेमारी में जब्त सामग्री और आगे की जांच** : छापेमारी के दौरान दुकान से लैपटॉप, मोबाइल, सीपीयू, अधिक संख्या में आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन बंद कर दिया और मौके से भाग गया। अंचलाधिकारी रवि प्रकाश चौधरी ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और इस मामले में पूछताछ व जांच की कार्रवाई तेज़ी से जारी है।
इस छापेमारी से जिले में अवैध दस्तावेज निर्माण पर नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दुनिया के 91 देशों में 150 स्थानों पर होगा विकसित भारत रन का आयोजन



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्र निर्माण में सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए युवा एवं खेल मामलों का मंत्रालय विदेश मंत्रालय के सहयोग से सेवा पखवाड़ा के दौरान 'विकसित भारत रन-2025' का आयोजन करेगा। यह दौड़ 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर पहली बार आयोजित होगी। मंत्रालय के मुताबिक अधिकांश दौड़ 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी। "रन टू सर्व द नेशन" टैगलाइन के साथ आयोजित यह सामुदायिक दौड़ 3 से 5 किलोमीटर की दूरी पर होगी। आयोजन के लिए विश्वभर के प्रतिष्ठित और प्रतीकात्मक स्थान चुने गए हैं, जिनमें मैक्सिको सिटी का एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो का यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और सैन फ्रांसिस्को का गोल्डन गेट ब्रिज शामिल हैं। इस दौड़ में प्रवासी भारतीय युवा, स्थानीय समुदाय, छात्र, पेशेवर भाग लेंगे। प्रतिभागी आत्मनिर्भर भारत की प्रतिज्ञा लेंगे, "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लेंगे और माई भारत पोर्टल से जुड़ेंगे। इस पहल के जरिए प्रवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और स्थानीय समुदायों को जोड़ने पर भी बल दिया गया है। भारतीय मिशन सांस्कृतिक संगठनों और सामुदायिक समूहों के साथ मिलकर युवाओं को संगठित करने का कार्य करेंगे। स्थानीय नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को भी इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल किया जाएगा। दौड़ के बाद गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो माई भारत पोर्टल पर साझा किए जाएंगे।

# सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर की




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को बड़ी राहत दी है। सीबीडीटी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 (मूल्यांकन वर्ष 2025-26) के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तिथि को 30 सितंबर, 2025 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर, 2025 कर दी है। सीबीडीटी ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में बताया कि आयकर अधिनियम की धारा 139 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण 2 के खंड (ए) में निर्दिष्ट करदाताओं के लिए पिछले वित्त वर्ष 2024-25 (मूल्यांकन वर्ष 2025-26) के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट को दाखिल करने की निर्दिष्ट तिथि को 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने का निर्णय लिया गया है। सीबीडीटी के मुताबिक यह फैसला करदाताओं को राहत देगा और उन्हें ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने के लिए अधिक समय मिलेगा। सीबीडीटी के मुताबिक 23 सितंबर तक 7.57 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जा चुके हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को दाखिल करने की तिथि बढ़ाने का यह फैसला विभिन्न व्यावसायिक संगठनों से अनुरोध प्राप्त होने के बाद लिया गया है, जिसमें करदाताओं और व्यवसायियों ने ऑडिट रिपोर्ट पूरी करने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया था।

# डॉलर की तुलना में 4 पैसे की मामूली मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वैश्विक बाजार में उथल-पुथल और कमजोर संकेतों के बावजूद भारतीय रुपया लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया आज डॉलर के मुकाबले 4 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिन बुधवार को यह 88.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मजबूती :** रुपया न केवल डॉलर के मुकाबले बल्कि अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी मजबूत रहा। ब्रिटिश पौंड के मुकाबले यह 27.64 पैसे मजबूत होकर 119.26 पर, जबकि यूरो के मुकाबले 23.19 पैसे की बढ़त के साथ 104.14 पर बंद हुआ।

**कारोबार में उतार-चढ़ाव**

आज कारोबार की शुरुआत रुपया 88.62 रुपये प्रति डॉलर से मजबूत रही। दिन के दौरान यह 88.59 तक गया, लेकिन फिर दबाव के कारण 88.71 रुपये तक लुढ़का। डॉलर की आवक बढ़ने से अंत में स्थिति में सुधार आया और रुपया 88.66 पर बंद हुआ।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवे दिन गिरावट



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कच्चे तेल की ऊंची कीमत, कमजोर वैश्विक संकेत और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 0.68 प्रतिशत गिरकर 81,159.68 और निफ्टी 0.66 प्रतिशत कमजोर होकर 24,890.85 अंक पर बंद हुए। आज रियल्टी, आईटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर में लगातार बिकवाली देखने को मिली। इसके साथ ही एनर्जी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, डिफेंस और मेटल सेक्टर में निवेशकों ने खरीदारी की। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.75 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। कमजोरी के चलते निवेशकों की संपत्ति में लगभग 3.24 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 457.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। सेंसेक्स में टॉप गेनर्स में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हीरो मोटोकॉर्प और एक्सिस बैंक शामिल रहे। वहीं, टॉप लूजर्स में ट्रेंट लिमिटेड, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स रहे। लगातार बिकवाली और वैश्विक दबाव के चलते बाजार में दबाव बना रहा।

# फर्मेंटेड दही-चावल : पेट और विटामिन बी12 के लिए सेहतमंद उपाय



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वर्तमान समय में विटामिन बी12 की कमी, फैटी लिवर और पेट की समस्याएं लोगों में आम होती जा रही हैं, जिनका मुख्य कारण खानपान और खाने का तरीका है। दही और चावल पेट के लिए अच्छे माने जाते हैं, लेकिन अगर इन्हें फर्मेंट करके खाया जाए तो इनके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। फर्मेंटेड दही और चावल में गुड बैक्टीरिया की संख्या बढ़ती है, जिससे शरीर में विटामिन बी12 की कमी भी पूरी होती है और पाचन प्रणाली मजबूत होती है। इसका तरीका आसान है। एक मिट्टी के बर्तन में पके चावल डालकर थोड़ा पानी मिलाएं और रातभर ढककर रखें। सुबह इसमें दही, लंबा कटा प्याज, हरी मिर्च और हरा धनिया मिलाएं। एक पैन में घी गर्म करें, जीरा, हींग, सूखी लाल मिर्च, करी पत्ता और प्याज-हरी मिर्च का तड़का लगाएं और इसे दही-चावल में डालें। काला नमक डालकर परोसें। यह न सिर्फ स्वादिष्ट लगेगा बल्कि पेट और सेहत के लिए बेहद लाभकारी होगा।

# सरकार ने एनसीडीआरसी में सदस्य पद के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) में सदस्य के रिक्त पद के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके साथ ही आवेदन की अंतिम तिथि से पहले होने वाली किसी भी अतिरिक्त रिक्ति के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामले विभाग एनसीडीआरसी में रिक्त पदों के लिए 24 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मांग कर रहा है, जिसमें योग्यता, अनुभव और खोज-सह-चयन समिति से व्यक्तिगत बातचीत के आधार पर चयन किया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक यह भर्ती प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू हो गई है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार https://jagograhakjago.gov.in/NCDRC के जरिए 24 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन की एक प्रति निर्धारित दस्तावेज के साथ अवर सचिव (सीपीयू), उपभोक्ता मामले विभाग, कमरा संख्या 466-ए, कृषि भवन, नई दिल्ली को भी देनी होगी।

# कोयला मंत्रालय का आज नई दिल्ली में कोयला गैसीकरण पर दूसरा रोड शो




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कोयला मंत्रालय और फिक्की शुक्रवार को नई दिल्ली के फिक्की फेडरेशन हाउस में कोयला गैसीकरण-सतही और भूमिगत प्रौद्योगिकियों पर दूसरा रोड शो आयोजित करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह रोड शो हाल ही में शुरू हुई वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 13वें दौर के बाद आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य निजी निवेश को बढ़ावा देना, व्यावसायिक मॉडल विकसित करना और स्वदेशी गैसीकरण प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में कोयला गैसीकरण से प्राप्त उत्पादों के विपणन और परियोजनाओं को प्रारंभिक चरण में वित्तीय सहायता देने के लिए नीतिगत प्रावधानों पर भी चर्चा होगी। रसायन, पेट्रोकेमिकल, तेल एवं गैस, इस्पात, एल्युमीनियम, बिजली और कोयला क्षेत्र के प्रमुख निवेशक और वित्तीय संस्थान इसमें भाग लेंगे। रोड शो निवेश अवसरों की खोज, विचार-विमर्श और कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा समाधान की दिशा में भारत की यात्रा को मजबूती देगा।

# मैग्नीशियम : शरीर के लिए जरूरी मिनरल और इसके लाभ




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मैग्नीशियम एक महत्वपूर्ण मिनरल है जो शरीर के कई अंगों और उनके कार्यों के लिए जरूरी है। यह हृदय, मांसपेशियों, हड्डियों और तंत्रिका तंत्र के सही कामकाज में मदद करता है। हार्ट हेल्थ के लिए यह ब्लड प्रेशर नियंत्रित करता है और हार्ट मसल्स को सपोर्ट देता है। नींद में सुधार के लिए मैग्नीशियम न्यूरोट्रांसमीटर GABA को नियंत्रित करता है, जिससे जल्दी और गहरी नींद आती है। हड्डियों के स्वास्थ्य में भी यह अहम है, क्योंकि लगभग 60% मैग्नीशियम हड्डियों में जमा होता है और कैल्शियम व विटामिन डी के साथ मिलकर हड्डियों को मजबूत बनाता है। मांसपेशियों और नर्व फंक्शन के लिए यह जरूरी है; इसकी कमी से ऐंठन और झुनझुनी जैसी समस्या हो सकती है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी यह फायदेमंद है, तनाव, चिंता और डिप्रेशन को कम करने में मदद करता है। मैग्नीशियम से भरपूर आहार में पत्तेदार सब्जियां, फलियां, मेवे, बीज, साबुत अनाज, डार्क चॉकलेट, केला, एवोकाडो और सोया उत्पाद शामिल करें। पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम लेने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

# राशिफल : 26 सितंबर, 2025

मेष- जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

वृष- कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

मिथुन- अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। शुभांक-2-5-7

कर्क- संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

सिंह- स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कन्या- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

तुला- प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

वृश्चिक- स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु- नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

मकर- एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

कुंभ- सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

मीन- धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-6-9

# पंचांग : 26 सितंबर, 2025

26 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र तुला में
मंगल तुला में
बध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
रहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 07.25 बजे से
वृश्चिक 09.40 बजे से
धनु 11.56 बजे से
मकर 14.01 बजे से
कुंभ 15.48 बजे से
मीन 17.21 बजे से
मेष 18.51 बजे से
वृष 20.31 बजे से
मिथुन 22.29 बजे से
कर्क 00.43 बजे से
सिंह 02.59 बजे से
कन्या 05.11 बजे से
शुक्रवार 2025 वर्ष का 269 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि चतुर्थी 09.34 बजे को समाप्त।
नक्षत्र विशाखा 22.09 बजे को समाप्त।
योग विष्कुम्भ 22.50 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 09.34 बजे तदनन्तर बव 22.49 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 04.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 010 16
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872479
जूलियन दिन 2460944.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 03
विशेष ललिता पंचमी।

# कला संवेदनशील समाज के निर्माण का एक सशक्त माध्यम : द्रौपदी मुर्मु



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि भारतीय परंपरा में कला को लंबे समय से एक आध्यात्मिक साधना माना जाता रहा है। कला न केवल सौंदर्यबोध का माध्यम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और एक अधिक संवेदनशील समाज के निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी है। राष्ट्रपति बुधवार को अंतरराष्ट्रीय आंबेडकर केन्द्र में ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनका काम अन्य कलाकारों को प्रेरित करेगा।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कलाकार अपने विचारों, दृष्टि और कल्पना के माध्यम से एक नए भारत की छवि प्रस्तुत कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि कलाकार कला सृजन के लिए अपना समय, ऊर्जा और संसाधन लगाते हैं। उनकी कलाकृतियों का उचित मूल्य कलाकारों और कला को पेशे के रूप में अपनाने के इच्छुक लोगों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि ललित कला अकादमी कलाकारों की कलाकृतियों की बिक्री को प्रोत्साहित कर रही है। इससे कलाकारों को वित्तीय सहायता मिलेगी और हमारी रचनात्मक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कला प्रेमियों से आग्रह किया कि वे न केवल कलाकृतियों की सराहना करें, बल्कि उन्हें अपने साथ घर भी ले जाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में भारत की पहचान को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

# रेल मोबाइल लॉन्चर से अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का पहला परीक्षण रहा सफल

## - लंबी दूरी की परमाणु सक्षम मिसाइल ने टारगेट पर किया सटीक हमला



**लॉन्च विकल्प और हथियार क्षमता** : मिसाइल को बीईएमएल-टट्रा ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जा सकता है। इसे सड़क और रेल दोनों से तैनात किया जा सकता है। 1,500 से 3,000 किलोग्राम तक के हथियार लगाए जा सकते हैं।

**सशस्त्र बलों की सामरिक ताकत** : डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने कहा कि यह मिसाइल परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है, जिससे भारत की सामरिक प्रतिरोधक क्षमता और मजबूत हुई है।

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**इसे सड़क और रेल दोनों से लॉन्च किया जा सकता है, 1,500–3,000 किग्रा हथियार क्षमता के साथ।**

-------------------

भारत ने गुरुवार को पहली बार रेल-मोबाइल लॉन्चर से मध्यम दूरी की अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। 2,000 किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली यह मिसाइल उन्नत विशेषताओं से लैस है और इसकी सटीकता, गतिशीलता तथा प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी।

**सटीक और उन्नत तकनीक** मिसाइल का परीक्षण सफल रहा और यह अपने लक्ष्य को भेदते हुए सभी मिशन उद्देश्यों में सफल रही। रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम से उड़ान डेटा कैप्चर किया गया, जिससे इसकी विश्वसनीयता प्रमाणित हुई।

**अग्नि-I की जगह ;** अग्नि-प्राइम दो स्टेज रॉकेट मोटर और मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल से लैस है। यह पहले से सेवा में शामिल अग्नि-I को प्रतिस्थापित करेगी और दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है।

# कृषि योगदान बढ़ने से ही विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : राजमार्ग मंत्री गडकरी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में कृषि का योगदान जीडीपी में 18 प्रतिशत है, जबकि मैन्युफैक्चरिंग का 24-26 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 52-56 प्रतिशत योगदान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक कृषि का योगदान कम से कम 26 प्रतिशत नहीं होगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो पाएगा।



**ग्रामीण रोजगार और पलायन** गडकरी ने बताया कि देश की 55 प्रतिशत जमीन कृषि पर आधारित है और लगभग 40 प्रतिशत आबादी को रोजगार प्रदान करती है, जिनमें 33 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। बावजूद इसके, आर्थिक मजबूरियों के कारण 30 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण आबादी शहरों की ओर पलायन कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, तो यह पलायन रुक सकता है।

**एथनॉल उत्पादन और खाद्यान्न सुरक्षा** : मंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान खाद्यान्न की उपलब्धता में किसी भी तरह की कमी नहीं आने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि बायो-फ्यूल और वैकल्पिक ईंधन को अपनाने से खाद्यान्न संकट नहीं आया। पिछले वर्ष 1,400 करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन हुआ, जिसमें 70 प्रतिशत फूड ग्रेन से बना। मक्के से एथनॉल उत्पादन की अनुमति मिलने के बाद मक्के की कीमत में तेजी आई और खेती बढ़ी।

**उत्पादकता और लागत में सुधार** : गडकरी ने कहा कि कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन लागत कम करना भी समान रूप से जरूरी है। तभी जीडीपी में कृषि का योगदान बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने किसानों को नई तकनीक अपनाने और बेहतर कृषि पद्धतियों पर जोर देने का आह्वान किया।

# उपराज्यपाल ने लद्दाख की स्थिति का आकलन करने के लिए की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। उपराज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने गुरुवार को लद्दाख में उभरती स्थिति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शांति, सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच कड़ी सतर्कता और घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया गया।

उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल ने किसी भी चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया और लद्दाख में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्बाध अंतर-एजेंसी सहयोग के महत्व पर बल दिया।

गृह मंत्रालय ने कल रात एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में गोलीबारी की, जिसमें कई लोग हताहत हुए। प्रदर्शनकारियों ने लेह स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय और मुख्य कार्यकारी पार्षद (सीईसी) के कार्यालय में भी आग लगा दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भड़काऊ भाषणों के कारण लेह में हिंसा हुई।

हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लेह शहर में प्रतिबंध लगा दिए। इस बीच कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) ने आज कारगिल शहर में पूर्ण बंद का आह्वान किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था की किसी भी स्थिति से बचने के लिए प्रतिबंध लगा दिए।

# चुनाव सुधार- डाक मतपत्रों की गिनती के बाद होगी ईवीएम के अंतिम दो चरणों की गिनती



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। निर्वाचन आयोग ने चुनाव सुधारों की शृंखला में एक नया नियम तय किया है। इसके तहत अब मतगणना के दौरान डाक मत पत्रों की गिनती पूरी होने के बाद ही ईवीएम के अंतिम दो चरणों की गिनती की जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि अधिक संख्या में डाक मत पत्र प्राप्त होने पर उनकी गणना समय से हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में गणना अधिकारी मौजूद हो।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में इसकी नकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई वाले चुनाव आयोग की इस वर्ष की गई यह ऐसी 30वीं पहल है जिससे मतदान प्रक्रिया सुगम और सरल हो।हाल ही में चुनाव आयोग ने वृद्ध मतदाताओं के लिए मत पत्रों से घर से ही वोटिंग की सुविधा शुरू की है इससे भी मत पत्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चुनाव के दौरान मतगणना वाले दिन डाक मत पत्रों की गिनती सुबह 8 बजे एवं ईवीएम से होने वाली गिनती 8:30 बजे शुरू होती थी। कई बार ऐसा भी होता था कि ईवीएम से गिनती पूरी हो जाती थी और डाक मत पत्रों से गिनती जारी रहती थी। इस स्थिति को ठीक करने के लिए आयोग ने आज यह फैसला लिया।

# जेपी नड्डा और जाधव ने राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान के तहत किया श्रमदान



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के अंतर्गत निर्माण भवन और विदेश मंत्रालय भवन के पास सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा, राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने श्रमदान कर सड़क की सफाई की। मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी भागीदारी रही।

इस अभियान के बाद एक्स पर नड्डा ने तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर, 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा - 2025' अभियान में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और सभी के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि यह पहल स्वच्छता ही सेवा अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए सामुदायिक भागीदारी और नागरिक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के सभी प्रभागों और अनुभागों के कर्मचारियों ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और राष्ट्रव्यापी अभियान की भावना में योगदान दिया।

# आईबी अधिकारी की हत्या के मामले में ताहिर हुसैन की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली उच्च न्यायालय की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे के आरोपित ताहिर हुसैन की आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 13 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस के वकील




रजत नायर ने ताहिर हुसैन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अभियोजन पक्ष की गवाही ट्रायल कोर्ट में अगली तिथि को समाप्त होने की संभावना है। ये एक गंभीर अपराध है, जिसमें आईबी अधिकारी अंकित शर्मा को टारगेट कर प्रशासन को एक मैसेज देने की कोशिश की गई। ये घटना एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। साक्ष्य के मुताबिक ताहिर हुसैन के टेरेस हथियारों से भर दिए गए थे और घटना के पहले ताहिर हुसैन के परिवार वालों को वहां से हटा दिया गया था।

कोर्ट ने 24 दिसंबर, 2024 को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। 26 फरवरी, 2020 को आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के पिता रविंद्र कुमार दयालपुर थाने आए और कहा कि उनका बेटा 25 फरवरी को अपने दफ्तर से लौटकर शाम को कुछ सामान खरीदने गया था। जब अंकित शर्मा बहुत देर तक नहीं आए तो उनके पिता ने कई जगह खोजा और अस्पतालों में भी गए। रात तक इंतजार करने के बाद उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। उसके बाद उन्हें कुछ लड़कों ने बताया कि एक लड़के को मारकर खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया है। उसी नाले से अंकित शर्मा का शव निकाला गया।

जांच के दौरान पुलिस ने अंकित शर्मा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया कि उनके शरीर पर 51 धारदार और भोथरे हथियारों से वार किए गए थे। उसके बाद इस केस की जांच 28 फरवरी, 2020 को क्राईम ब्रांच की एसआईटी को सौंप दी गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आगे की जांच में मुख्य आरोपित ताहिर हुसैन के घर और उसके आसपास के इलाकों में मलबा, पत्थर, ईंट, टूटी बोतलें, बुलेट और कुछ जली हुई चीजें मिलीं। ताहिर हुसैन के मकान का इस्तेमाल दंगाईयों ने ईंट और पत्थरबाजी करने के लिए किया था। ताहिर हुसैन के घर के तीसरे मंजिल की छत पर गुलेल, पत्थर, पेट्रोल की बोतलें मिली थीं।



# सीरिया को कच्चे तेल की आपूर्ति करेगा सऊदी अरब

**दमिश्क,** (हि.स.)। सऊदी अरब सीरिया को 1.65 मिलियन बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति करेगा। सीरिया की राजधानी दमिश्क में आयोजित दोनों देशों की एक उच्चस्तरीय राजनयिक बैठक के दौरान यह घोषणा की गई।

ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक बैठक सीरिया के पुनर्निर्माण प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बुलाई गई थी जिसमें सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय के प्रतिनिधियों और सीरियाई सरकार के अधिकारियों ने इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए। तेल की आपूर्ति सऊदी अरब के प्रमुख तेल टर्मिनल 'रास तनुरा' से होगी जहां से इसे जहाजों के माध्यम से सीरिया के बानियास तेल रिफाइनरी तक पहुंचाया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सहायता सीरिया के तटीय शहर बानियास में स्थित रिफाइनरी के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो देश की ऊर्जा जरूरतों का एक प्रमुख केंद्र है।

बानियास रिफाइनरी गृहयुद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी लेकिन अब उसे दोबारा चालू किया जा रहा है। इस तेल आपूर्ति से रिफाइनरी की उत्पादन क्षमता बढ़ने से सीरिया के कई हिस्सों में बिजली और ईंधन की उपलब्धता में सुधार होगा।

इसके अतिरिक्त समझौते की घोषणा के दौरान रियाद में सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह कदम मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल सीरिया और सऊदी अरब के बीच बढ़ते राजनयिक संबंधों का हिस्सा है जिसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

## बांग्लादेश और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

### कराची और चटगांव के बीच शिपिंग लिंक व प्रत्यक्ष हवाई संपर्क बहाल करने पर सहमति हुई



**न्यूयॉर्क,** (हि.स.)।

**सार्क को पुनर्जीवित करने और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संबंध मजबूत करने पर दोनों पक्षों ने जोर दिया।**

----------------

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के दौरान बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इस बैठक में शरीफ ने यूनुस को पाकिस्तान यात्रा का न्योता दिया और आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने पर बल दिया।

**सार्क और ऐतिहासिक रिश्तों पर चर्चा** : प्रोफेसर यूनुस ने पाकिस्तान की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने का अवसर है। बैठक में सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) को पुनर्जीवित करने पर भी चर्चा हुई। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई कि सार्क प्रक्रिया को राजनीतिक विचारों से अलग रखकर आगे बढ़ाया जाएगा। दोनों पक्षों ने आपसी लाभ और क्षेत्रीय सहयोग को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

**आर्थिक सहयोग और कनेक्टिविटी पर जोर :**

दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई द्विपक्षीय बैठक में व्यापार, वाणिज्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करने पर चर्चा की। पाकिस्तान ने कराची और चटगांव के बीच शिपिंग लिंक का स्वागत किया और प्रत्यक्ष हवाई संपर्क बहाल करने पर भी सहमति जताई। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देगा, जो फिलहाल करीब 86 करोड़ पांच लाख डॉलर के आसपास है।

## एमाले ने जेन जी आंदोलन के लिए मांगी माफी, ओली से पार्टी नेतृत्व छोड़ने की मांग

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन का असर अब यहां के राजनीतिक दलों पर दिखने लगा है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के सचिव योगेश भट्टराई ने जेन जी आंदोलन के लिए माफी मांगते हुए पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली से पार्टी नेतृत्व छोड़ने की मांग की है।



योगेश भट्टराई ने गुरुवार को एक बयान में स्वीकार किया कि उनकी पार्टी और तत्कालीन प्रधानमंत्री ओली जेन जी आंदोलन के बाद बदली हुई जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रहे हैं। बयान में उन्होंने विरोध प्रदर्शनों के दौरान अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी और तत्कालीन सरकार की कमी को स्वीकार किया।

भट्टराई ने कहा कि 8 सितंबर की घटना से सबक मिल चुका है कि आंदोलन शुरू होने के समय सब कुछ ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि हम बदली हुई जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ थे और इसके लिए हम माफी मांगते हैं। उन्होंने जेन जी आंदोलन की न्यायिक जांच की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने टिप्पणी की कि 9 सितंबर की हिंसक घटनाओं ने आंदोलन को धूमिल कर दिया था। भट्टराई ने कहा कि इन सब घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ओली को पार्टी का नेतृत्व पद छोड़ देना चाहिए।

### बुलेटिन बॉक्स

» पश्चिमी वेनेजुएला में भूकंपः वेनेजुएला और कोलंबिया के कुछ हिस्सों में 24 सितंबर को भूकंप के झटके महसूस किए गए, किसी नुकसान की सूचना नहीं।

» संयुक्त राज्य अमेरिका संभावित शटडाउनः व्हाइट हाउस ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी का निर्देश दिया।

» पाकिस्तान ने बांग्लादेश को निमंत्रण दियाः प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार को पाकिस्तान यात्रा का न्योता दिया।

» आईसीसी ने अमेरिका को सस्पेंड कियाः अमेरिका क्रिकेट बोर्ड को टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी से हटाया गया।

## माओवादी पार्टी की केंद्रीय कमेटी भंग करने का प्रचंड ने रखा प्रस्ताव

**काठमांडू,** (हि.स.)। माओवादी पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी की वर्तमान केंद्रीय समिति को भंग करने और एक विशेष अधिवेशन आयोजित करने के लिए उनके नेतृत्व में एक प्रारंभिक समिति बनाने का प्रस्ताव रखा है।

'प्रचंड' ने यह प्रस्ताव गुरुवार को काठमांडू में पार्टी की 7वीं पूर्ण केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान पेश किया है। बैठक में भाग लेने वाले माओवादी नेताओं के अनुसार प्रचंड ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पार्टी के आंतरिक चुनाव निर्धारित समय पर होने चाहिए और आगामी राष्ट्रीय चुनावों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

इस कदम को पार्टी की संगठनात्मक संरचना को सुव्यवस्थित करने और एक विशेष अधिवेशन के अनुरूप नेतृत्व परिवर्तन के लिए तैयार करने के लिए एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। प्रस्ताव पर चर्चा जारी रहेगी, जिसमें प्रत्येक प्रांत के प्रतिनिधि केंद्रीय नेतृत्व को प्रतिक्रिया देंगे।




## आंतरिक मामलों और न्यायिक संप्रभुता में 'सीधा हस्तक्षेप' हैं फ्रांस के बयान : चीन



**पेरिस,** (हि.स.) फ्रांस के यूरोपीय एवं विदेश मामलों के मंत्रालय द्वारा चीन में "मानवाधिकार रक्षकों" के तथाकथित व्यक्तिगत मामलों पर की गई टिप्पणी पर रोष प्रकट करते हुए चीन ने कहा है कि ऐसी टिप्पणियां उसके आंतरिक मामलों और न्यायिक संप्रभुता में "सीधा हस्तक्षेप" हैं।

गौरतलब है कि फ्रांसीसी मंत्रालय ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर इस बाबत टिप्पणी की थी जिसके बाद यहां स्थित चीनी दूतावास ने गुरूवार को जारी बयान में इसकी कड़ी आलोचना की।

चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, "ये टिप्पणियां उसके आंतरिक मामलों में सीधा हस्तक्षेप हैं और उनका देश इसका कड़ा विरोध करता है। वह इन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगा।

चीन कानून द्वारा शासित देश है जहाँ कानून के समक्ष सभी समान हैं और जो कोई भी कानून तोड़ता है उसके विरुद्ध कानून के अनुसार ही मुकदमा चलाया जाएगा।"

प्रवक्ता ने कहा कि चीन सरकार फ्रांस से आग्रह करती है कि वह आपसी सम्मान, समानता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांत के अनुसार काम करते हुए चीन की न्यायिक संप्रभुता का सच्चा सम्मान करे। उन्होंने आगाह किया कि फ्रांस ऐसी गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियाँ करने से परहेज करे और दोनों देशों के संबंधों को सुदृढ़ करने और उनके स्थिर विकास के लिए काम करे।

गौरतलब है कि फ्रांस समय समय पर चीन में मानवाधिकार मामलो से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ होने वाले अमानवीय व्यवहार और उन्हे हिरासत में लिए जाने की घटनाओं की निंदा करता रहा है।

## पश्चिमी वेनेजुएला और कोलंबिया में भूकंप के झटके

**काराकास (वेनेजुएला),** (हि.स.)। पश्चिमी वेनेजुएला और कोलंबिया के कुछ हिस्सों में 24 सितंबर को दो जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। अभी तक किसी तरह के नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है।



वेनेजुएला भूकंप अनुसंधान संस्थान के अनुसार, पहला भूकंप शाम 6:22 बजे ट्रूजिलो राज्य के ला सेइबा से 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 और गहराई 26.5 किलोमीटर थी। इसके कुछ ही मिनट बाद, शाम 6:29 बजे दूसरा भूकंप ज़ूलिया राज्य के बाचाक्वेरो से 58 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आया, जिसकी तीव्रता 4.9 और गहराई 34.3 किलोमीटर रही।

भूकंप के झटके ज़ूलिया, फाल्कन, लारा, कैपिटल डिस्ट्रिक्ट, याराक्यू, पोर्टुगुसा और ट्रूजिलो राज्यों के साथ-साथ कोलंबिया के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए। कोलंबियाई भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और चिली के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कुछ घंटे पहले 6.0 से 6.3 तीव्रता वाले भूकंप की भी सूचना दी थी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार भूकंप का केंद्र माराकाइबो झील के पूर्वी तट पर मेने ग्रांडे और बाचाक्वेरो क्षेत्रों में था।

भूकंप का केंद्र यानी एपीसेंटर वह स्थान होता है जहां से भू-गर्भीय ऊर्जा निकलती है और झटके सबसे अधिक महसूस होते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक मापा जाता है, जिससे इसकी तीव्रता और भयावहता का अंदाजा लगाया जाता है। अधिक तीव्रता वाले भूकंप का प्रभाव आसपास के क्षेत्र में तेजी से महसूस होता है।

## अमेरिका में सरकारी शटडाउन की आहट, बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी के निर्देश

**वॉशिंगटन (अमेरिका),** (हि.स.)। व्हाइट हाउस के प्रबंधन और बजट कार्यालय (ओएमबी) ने संघीय एजेंसियों को संभावित सरकारी शटडाउन के मद्देनज़र कर्मचारियों की छंटनी की रूप-रेखा तैयार करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विशेष रूप से उन कर्मचारियों को निशाना बनाया जाएगा, जिनकी सेवाएँ कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं हैं।



ओएमबी निदेशक रस वॉट ने स्थायी कर्मचारियों पर भी छंटनी की धमकी के माध्यम से कांग्रेस में डेमोक्रेट्स के साथ वित्तीय गतिरोध बढ़ाने का इशारा किया है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि जिन कार्यक्रमों को अनिवार्य फंडिंग नहीं मिली, उन्हें शटडाउन का सामना करना पड़ेगा। एजेंसियों को अपनी योजना ओएमबी को भेजने और कर्मचारियों को नोटिस देने का निर्देश दिया गया है। सबसे अधिक प्रभाव सामाजिक सुरक्षा, मेडिकेयर, पूर्व सैनिकों, कानून प्रवर्तन, सीमा सुरक्षा और हवाई यातायात नियंत्रण विभागों पर पड़ेगा। डेमोक्रेट नेताओं ने इसे प्रशासन का हमला बताया है। ओएमबी, राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय में सबसे बड़ा कार्यालय, राष्ट्रपति के एजेंडे को लागू करता है।

# एशिया कप 2025 : पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराया, फाइनल का कटाया टिकट

**दुबई, (हि.स.)**
एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। गुरुवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट पर 124 रन ही बना पाई।
पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 49 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए। इसके बाद लोअर ऑर्डर के बल्लेबाजों ने वापसी करवाई। मोहम्मद हारिस ने 31 रन बनाए, मोहम्मद नवाज ने 25 रन जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने 13 गेंदों पर 19 रन की तेज पारी खेली। फहीम अशरफ ने भी 14 रन बनाकर टीम को 135 रन तक पहुंचाया।
बांग्लादेश की ओर से तस्कीन अहमद ने 3 विकेट, रिशाद हुसैन और महेदी हसन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।
136 रनों के लक्ष्य को डिफेंड करते हुए पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने धमाकेदार शुरुआत दी। उन्होंने पहले ही ओवर में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा और बाद में तौहीद हृदोय को आउट करके बांग्लादेश की पारी को लड़खड़ा दिया। हारिस रऊफ ने भी 3 विकेट लेकर टीम की स्थिति मजबूत की।
पाकिस्तान की गेंदबाजी के स्टार सैम अयूब ने 4 ओवर में केवल 16 रन खर्च किए और 2 विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी ने 4 ओवर में 3 विकेट लिए और सिर्फ 17 रन दिए। हारिस रऊफ ने भी 3 विकेट चटकाए। इस दमदार प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।
पाकिस्तान अब एशिया कप 2025 के फाइनल में 28 सितंबर को टीम इंडिया से भिड़ेगी।



# वरिष्ठ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद क्रिकेट से लिया छह महीने का ब्रेक



नई दिल्ली, (हि.स.)।
जिनई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद (रेड-बॉल) क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने का फैसला लिया है। अय्यर ने इंग्लैंड में पीठ की सर्जरी करवाने के बाद अच्छी रिकवरी की थी, लेकिन हाल ही में लंबी फॉर्मेट में खेलने के दौरान पीठ में फिर से जकड़न और ऐंठन महसूस कर रहे हैं।
बीसीसीआई के अनुसार अय्यर ने बोर्ड को सूचित किया कि वह इस अवधि का इस्तेमाल अपनी फिटनेस, शरीर की मज़बूती और सहनशक्ति को और बेहतर बनाने में करना चाहते हैं। इसी कारण उन्हें ईरानी कप (1 अक्टूबर से नागपुर में) के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में नहीं चुना गया। हालांकि, अय्यर 30 सितम्बर से कानपुर में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया ए टीम के कप्तान बने रहेंगे।
गौरतलब है कि अय्यर का हालिया फॉर्म रेड-बॉल क्रिकेट में निराशाजनक रहा है। वह ऑस्ट्रेलिया ए और फिर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ लगातार कम स्कोर पर आउट हुए थे।
चयनकर्ताओं ने गुरुवार को इंडिया ए और रेस्ट ऑफ इंडिया दोनों टीमों की घोषणा की। इंडिया ए (पहला वनडे): श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), प्रियंश आर्या, सिमरजीत सिंह। इंडिया ए (दूसरा और तीसरा वनडे): श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।
रेस्ट ऑफ इंडिया (इरानी कप): रजत पाटीदार (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यश धुल, शेख राशिद, ईशान किशन (विकेटकीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुर्नूर बराड़, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कांबोज, सारांश जैन।
---------------

## वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित, नायर बाहर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी 2 अक्टूबर से शुरु हो रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने गुरुवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में नारायण जगदीशन नए चेहरे हैं, जबकि करुण नायर को बाहर कर दिया गया है। ऋषभ पंत को चोट के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है।
शुभमन गिल को एक बार फिर टीम की कप्तानी सौंपी गई है। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में रवींद्र जडेजा टीम के उप-कप्तान होंगे। पंत इंग्लैंड श्रृंखला में पैर की अंगुली में हुए फ्रैक्चर से उबरने के कारण टीम से बाहर हैं। ध्रुव जुरेल और एन. जगदीशन टीम में दो विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में शामिल किया गया है, जबकि लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने के ब्रेक पर गए श्रेयस अय्यर टीम का हिस्सा नहीं हैं। श्रृंखला 2-6 अक्टूबर तक अहमदाबाद में शुरू होगी, जबकि दूसरा टेस्ट 10-14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में खेला जाएगा।
भारतीय टीम इस प्रकार है- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और नारायण जगदीशन

## ICC ने उठाया बड़ा कदम, अमेरिका क्रिकेट बोर्ड सस्पेंड




**नई दिल्ली,** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अमेरिका क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उसे सस्पेंड कर दिया है। आईसीसी बोर्ड की वर्चुअल मीटिंग में लिया गया यह फैसला क्रिकेट जगत में बड़ी हलचल का कारण बना। अमेरिका को 2024 टी20 वर्ल्ड कप की संयुक्त मेजबानी का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन लगातार चेतावनियों और सुधार का मौका देने के बावजूद बोर्ड अपने ढांचे में बदलाव नहीं कर पाया। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी को बोर्ड से जुड़ी कई शिकायतें मिली थीं।इस कारण सिंगापुर में हुई सालाना बैठक में अमेरिका क्रिकेट को तीन महीने का समय दिया गया था, मगर अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। परिणामस्वरूप आईसीसी ने बोर्ड और उसके चेयरमैन वेणु पिसिके को चेतावनी के बाद सदस्यता निलंबित कर दी। हालांकि, आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि यूएसए क्रिकेट टीम को 2026 में भारत-श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में खेलने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि अमेरिकी टीम ने 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 तक का सफर तय कर इतिहास रचा था। आईसीसी ने कहा कि यह कदम खेल के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक है और सुधारों की निगरानी हेतु एक नई समिति गठित की जाएगी।

## मेजर लीग सॉकर : मेसी के दो गोलों की बदौलत इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 4-0 से हराया



**न्यूयॉर्क,** (हि.स.)। सिटी फील्ड स्टेडियम में गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को खेले गए मेजर लीग सॉकर मुकाबले में इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 4-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का जलवा देखने को मिला। उन्होंने दो गोल दागे और एक असिस्ट किया।
मैच की शुरुआत से ही मेसी ने लय पकड़ ली और मैच के 43वें मिनट में बाल्तासर रोड्रिगेज़ को शानदार थ्रू बॉल देकर गोल का मौका बनाया और रोड्रिगेज़ ने बिना कोई गलती किए इसे गोल में बदलकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया।
दूसरे हाफ में 74वें मिनट में सर्जियो बुस्केट्स के पास पर मेसी ने गोलकीपर के ऊपर से बेहतरीन चिप शॉट मारकर अपना पहला गोल दागा और टीम की बढ़त 2-0 कर दी।
इस गोल के 12 मिनट बाद मेसी ने फिर कमाल दिखाया। डिफेंस को चकमा देते हुए वह बॉक्स में घुसे और सटीक शॉट मारकर गेंद को निचले बाएं कोने में डाल दिया और अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी।
मैच के 83वें मिनट में लुईस सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम को 4-0 से आसान जीत दिला दी।
इस जीत के साथ मियामी ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस अंकतालिका में 55 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई और प्लेऑफ़ में जगह पक्की कर ली।

## बीसीसीआई का भरोसा, साई सुदर्शन और नितीश रेड्डी पर होगी निगाहें



भारतीय टीम के लिए वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज बेहद अहम साबित होने वाली है। बीसीसीआई की हालिया सेलेक्शन कमेटी ने अपने फैसले से साफ कर दिया है कि अब भविष्य को ध्यान में रखते हुए कुछ खिलाड़ियों को लगातार मौके दिए जाएंगे। इंग्लैंड सीरीज में करुण नायर को पांच में से चार टेस्ट खेलने का मौका मिला, लेकिन एक भी प्रभावशाली पारी न खेल पाने के चलते उनका करियर अब लगभग समाप्ति की ओर नजर आ रहा है। वहीं, मोहम्मद शमी पूरी तरह फिट होने के बावजूद टीम में शामिल नहीं किए गए हैं, जिससे उनकी वापसी पर सवाल बरकरार हैं। रीज में डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन को लगातार सही बैटिंग पोजिशन नहीं मिल पाई थी। अब कप्तान शुभमन गिल उन्हें तीसरे नंबर पर मौका देने के पक्ष में हैं। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन ही तय करेगा कि वे लंबे समय तक भारतीय टेस्ट टीम में टिक पाएंगे या नहीं।
नितीश कुमार रेड्डी: तेज नितीश रेड्डी को भी चयनकर्ताओं ने दोबारा मौका दिया है। चोट से उबरने के बाद अब उनसे उम्मीदें बढ़ गई हैं कि वे भारत के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। वे निचले क्रम में बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी टीम को मजबूती दे सकते हैं।

## यूरोपा लीग : फ्राइबर्ग ने बासेल को 2-1 से हराकर जीत के साथ की अभियान की शुरुआत

**बर्लिन,** (हि.स. जर्मन क्लब एससी फ्राइबर्ग ने यूरोपा लीग के ग्रुप चरण की शुरुआत जीत के साथ की। बुधवार रात खेले गए मुकाबले में फ्राइबर्ग ने स्विट्ज़रलैंड की टीम एफसी बासेल को 2-1 से मात दी।
मैच का पहला गोल 30वें मिनट में आया, जब डेब्यू कर रहे ओस्टरहागे ने लो शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। हाफ टाइम तक बासेल बराबरी के लिए संघर्ष करता रहा, लेकिन सफल नहीं हो सका।
दूसरे हाफ में मैक्सिमिलियन एग्गेस्तीन ने हेडर से गोल कर फ्राइबर्ग की बढ़त दोगुनी कर दी। हालांकि 84वें मिनट में बासेल के सब्सटीट्यूट फिलिप ओटेल ने शानदार शॉट लगाकर अंतर कम किया, लेकिन अंत तक स्कोर 2-1 ही रहा।इस जीत के साथ फ्राइबर्ग ने तीन अंक अर्जित किए और लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम का अगला यूरोपीय मुकाबला इटली के बोलोन्या से होगा, जबकि बासेल वीएफबी स्टटगार्ट से भिड़ेगा।

